CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

देहरादून, सोमवार 18 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 10 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

पेज 2



सूर्य कुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट किया पास

खेल टाइम्स




निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'

सम्पादकीय



पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू 327 लोग गंवा चुके जान

पेज 12

# राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू

## भाजपा की साजिश एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है: राहुल गांधी

सासाराम, वार्ता



■ बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा

**राहुल गांधी** ने रविवार को बिहार के सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। हालांकि जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गए, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गई। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने -शेष पृष्ठ दो पर

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन जगह बादल फटा, सात की मौत

नई दिल्ली, वार्ता



■ बीते तीन दिन में दूसरी घटना, कई घायल, हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही

**जम्मू- कश्मीर** व हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। वहीं -शेष पृष्ठ दो पर

### मुंबई में भारी बारिश, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत

**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों बाढ़ का पानी फसलों और रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा रहा है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पिउण्त और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं।

### शुभांशु का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया।
राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी

## सीईसी ने कांग्रेस नेता के आरोपों को किया सिरे से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी। दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक ईपीआईसी नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही ईपीआईसी नंबर है।

### सीईसी ने वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उन लोगों को भी वोटर लिस्ट से हटा दिया, जिन्होंने अभी लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। इस आरोप का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बैक फायर कर गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। पहले वोट चोरी दबे पांव, दुबक कर की, अब एसआईआर के नाम पर खुलेआम की जा रही है।

# SIR विवाद के बीच मोदी का विपक्ष पर तंज

## दिल्ली-एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन

■ जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे, वे जनता से दूर हो चुके हैं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे -शेष पृष्ठ दो पर

DOON GROUP OF COLLEGES
DEHRADUN
NAAC GRADE A
AFFILIATED TO: HNB GARHWAL CENTRAL UNIVERSITY, SDS UNIVERSITY
NORTH INDIA'S BEST & OLDEST AGRICULTURE & PARAMEDICAL INSTITUTE
COURSES OFFERED
AGRICULTURE
PARAMEDICAL
FORESTRY
HORTICULTURE
FISHERIES SCIENCE
FOOD TECHNOLOGY
CHEMISTRY
MANAGEMENT
B.Ed. BBA
COMPUTER SCIENCE
ENVIRONMENTAL SCIENCE
BOTANY ZOOLOGY
D. PHARMA
and many more...



ADMISSION OPEN 2025-26
26 Years of Academic Excellence
Admission Helpline: +91-7017809991, +91-9548001418, +91-9837008360
28 Chakrata Road, Behind Bindal Petrol Pump Dehradun
For more information visit: www.dpmc.in

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर विधायक पूजा पाल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**प्रयागराज।** विधायक पूजा पाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटरद्ध पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले उमेश यादव के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई अधिवक्ता श्याम चन्द्र पाल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर की गई है। उमेश यादव के ही खिलाफ कौशाम्बी के पिपरी थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उमेश यादव ने कई बार एक्स पर विधायक पूजा पाल के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे न केवल चायल क्षेत्र की महिलाओं की भावनाएं आहत हुई बल्कि समूचे समाज को ठेस पहुंची। विशेष रूप से सेफर्ड, पाल, बघेल, धनगर, गडेरिया एवं चरवाहा समाज के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। कर्नलगंज थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि तहरीर के आधार पर उमेश यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन को साकार करने की तैयारी

**लखनऊ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देने की दिशा में उप्र गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उप्र गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की। इस बातचीत में उप्र में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।

# उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हो रही बैंकिंग व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में वित्तीय समावेशन की नीति और सरक. ारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। इसके साथ ही, बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती और बैंकिंग गतिविधियों में आई तेजी को साफ दर्शाते हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख रुपए करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10. 60 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ रुपए (8.79 प्रतिशत) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपए रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04 प्रतिशत था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80 फीसदी से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

## कहा- आयोग के साहसी कदम पर टिका कई पीढ़ियों का भविष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा- चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है।

आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। उन्होंने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है। यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

# सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात: हाईकोर्ट

**21 साल बाद भी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का ट्रायल न शुरू होने पर अदालत ने जताई नाराजगी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 साल पुराने दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में अब तक ट्रायल शुरू नहीं होने पर नारा. जगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने मेरठ की सुधा अग्रवाल उर्फ सुधा गर्ग की याचिका स्वीकार कर ली।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने मुरादाबाद की अदालत को आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर हो, बिना वजह स्थगन न दिया जाए। साथ ही आरोपी अगली तारीख से हर पेशी पर मौजूद रहें। गैर हाजिरी पर आरोपी का बेल बान्ड जब्त कर गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं और जरूरत पड़ने पर आरोपी को हिरासत में लेकर पेश किया जाए। याचिका में बताया गया कि पीड़िता का विवाह 2003 में हुआ। आरोप है कि 2004 में ससुराल वालों ने दहेज की मांग के चलते उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद बच्चों से भी अलग कर दिया गया। पत्नी ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश ले लिया, जो वर्ष 2010 तक चला। स्थगन आदेश खत्म होने के बाद अब तक न गवाही हुई, न आरोप तय हुआ।

## भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने का आरोप

# चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



**सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बीच ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर पार्टी ने बोला हमला**

चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला। ये कहना है कांग्रेस पार्टी का। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को जब प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी को कड़े शब्दों में माफी मांगने को कहा तो देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने के आरोप लगाए।

खास बात ये रही की प्रेस वार्ता के बीच ही कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया और सोशल मीडिया मीम के सहारे देश की शीर्ष चुनावी संस्था पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग का यह दावा कि वह सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता, हास्यास्पद है। पार्टी ने कहा कि सीईसी ने राहुल गांधी की तरफ से उठाए गए किसी भी प्रश्न का सार्थक उत्तर नहीं दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग न केवल अपनी अक्षमता बल्कि पक्षपात के लिए भी पूरी तरह से उजागर हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश को अक्षरशः लागू करेगा? श्वोट चोरीश के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केवल चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए आंकड़ों से ही तथ्यों को उजागर किया है। इससे पहले पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर वीडियो के उस अंश को भी शेयर किया गया, जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार कहते सुने जा सकते हैं कि आयोग के सामने पक्ष-विपक्ष कोई नहीं होता। सब बराबर होते हैं। दूसरी विंडो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वीडियो क्लिप का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें वे भाजपा से भी हलफनामा मांगने की चुनौती देते सुने जा सकते हैं। एक अन्य सोशल मीडिया मीम में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की एआई जेनरेटेड फोटो का इस्तेमाल किया है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों डा. विवेक जोशी और डा सुखबीर सिंह को भी दिखाया गया है। कार्टून जैसी इस प्रस्तुति में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की तस्वीर के सामने लिखा है, बोल ए रहे हैं, शब्द मेरे हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पार्टी किसी फिल्म के क्लिप की मीम इस्तेमाल कर आयोग और भाजपा पर मिलीभगत के आरोप लगाए। पार्टी ने इसके साथ बहुत याराना लगता है जुमले का भी इस्तेमाल किया।

### राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा का तंज

**नई दिल्ली।** बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा। राहुल गांधी और कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से भय फैलाने की रणनीति के तहत संविधान खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

### सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क एसडीपी

**लखनऊ।** उप्र के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके लिए उन्हें डोनर उपलब्ध कराना होगा। वहीं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को इसके लिए 9500 रुपए देने होंगे। इस बावत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है।

प्रदेश के मंडलीय चिकित्सालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एफरेसिस मशीन लगी हुई हैं। यह मशीन शरीर से प्लेटलेट्स और प्लाज्मा सहित रक्त के विभिन्न तत्वों को अलग करती है। इसके जरिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) भी तैयार की जाती है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य महानिद. ेशक को पत्र भेजकर इसका शुल्क निर्धारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को एफरेसिस मशीन द्वारा एसडीपी की जरूरत पड़ने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा डोनर उपलब्ध कराने की स्थिति में ही दी जा सकेगी। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को एसडीपी कनलिए भुगतान करना होगा।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30

सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 114933
प्रति किलो

# जीएसटी सुधार का दिखेगा बाजार पर असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख मुख्य रूप से घरेलू स्तर पर जीएसटी सुधारों की घोषणा के साथ वैश्विक कारकों से प्रभावित होगा।

उम्मीद की जा रही है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में होने वाले बड़े बदलावों की घोषणा का बाजार पर अनुकूल प्रभाव होगा, हालांकि निवेशक और ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में गति तेज होने की उम्मीद जगी है। देखने वाली बात होगी की दुनिया भर के शेयर बाजारों में इस पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है। ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बीते सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी रही। बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिसमें सोमवार, बुधवार और गुरुवार को तेजी रही, जबकि मंगलवार को गिरावट रही। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाजार बंद रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 739.87 अंक (0.93 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुंच गया।

लगातार छह साप्ताहिक गिरावट के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई है। वहीं 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 1.17 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.89 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 68 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में साप्ताहिक तेजी रही, जबकि सात अन्य कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स में 4.93 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.79 फीसदी और सनफार्मा में 3.52 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 2.75 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 2.72 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स ने सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत का नुकसान उठाया। बजाज फाइनेंस में 1.76 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.71 प्रतिशत और आईटीसी में 0.72 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी गिर कर बंद हुए।

### रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपए में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपए को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपए को समर्थन मिला।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं महंगा, दालें सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए, जबकि चावल में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के साथ दालों में भी नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 17 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,785.57 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं पांच रुपए महंगा होकर 2,854.79 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत आठ रुपए उतर गई और यह 3,309.36 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। वनस्पति की औसत कीमत में 38 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। पाम ऑयल भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 23 रुपए और सोयो तेल 49 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल और मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत भाव टूट गए। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 20 रुपए और तुअर दाल 76 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और दाल मूंग 43.43 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 28 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।

चीनी भी 16 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7937.43 रुपए, मसूर काली 8120.61 रुपए, मूंग दाल 10109.35 रुपए, उड़द दाल 10421.31 रुपए, अरहर दाल 10757. 94 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.79 रुपए और चावल 3785.57 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4311.90 रुपए और गुड़ 4964.94 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राहुल गांधी ....** देंगे। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आए हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं।, लेकिन हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किए जा रहे हैं। मुझे पता है कि पीएम मोदी सही मायने में जातिगत जनगणना नहीं करवाने जा रहे हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक देश में सही मायने में जातिगत जनगणना सुनिश्चित करेगा। हम वोट चोरी को खत्म करेंगे और एसआईआर की सच्चाई को उजागर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू जी, डाक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

**जम्मू-कश्मीर...** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। रविवार सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

**एसआईआर....** व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है।

दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते तीन पदक

● भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य पदक जीते

**चीन, वार्ता।** भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे। ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस




मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता। कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन मेंस 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0-083 सेकेंड से कांस्य पदक से चूक गए।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

● एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डामेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। आईपीएल 2025 में दूसरे टाप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के



साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच यूएई से भारत, पाक, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाक और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाक ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितम्बर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टाप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मैच भी हो सकता है।

## देविका ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन व चौथी वरीयता प्राप्त मीर को रौंदा।

# एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

● एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशियाभर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

**दुबई, वार्ता।** दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। डिज़ाइन के प्रत्येक तत्व का एक विशेष अर्थ है:

**दुबई:** मेजबान शहर, नवाचार और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है। **ज्वाला:** गति, जुनून और ऊर्जा का प्रतीक – ऐसे गुण जो युवाओं और खेल दोनों को परिभाषित करते हैं। एथलीट और व्हीलचेयर मोशन आइकॉन: पैरा एथलीटों की सक्रियता और युवाओं की गतिशील भावना का प्रतिनिधित्व। **पाम जुमेराह:** दुबई का एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्थल, जो स्थानीय पहचान को भव्यता और आधुनिकता के साथ सुदृढ़ करता है। इस बीच, इस कार्यक्रम में 'बॉर्न टू राइज' स्लोगन का भी अनावरण किया गया – यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है। एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है। हम स्थानीय आयोजकों को खेलों की दूसरी बार मेजबानी की तैयारी में उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। एशियाई युवा पैरा खेल, युवा सशक्तिकरण के एपीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हम दुबई में एक और शानदार आयोजन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर रोमांचित हैं। रशीद ने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि सुलभता और नवाचार पर अपने जोरदार ध्यान के साथ, दुबई एशिया के युवा पैरा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन के अध्यक्ष और खेलों के स्थानीय आयोजक, थानी जुमा बेरेगाड ने एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगो का अनावरण करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। समय की कमी के कारण हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसके बावजूद, इन चैंपियनशिप के उद्देश्य और युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका में हमारे गहरे विश्वास ने हमें इस चुनौती को एक अवसर में बदलने की प्रेरणा दी।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को हराया

● एलीसा हीली ने नाबाद 137 रन और विल्सन ने 59 रनों की पारी खेली, तालिया ने तीन विकेट लिए

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसर एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया।

इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में




59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामैन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27-5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करे हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप(28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंडिया के बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा कर विकेट गंवाता चला गया। तेजल हसबनिस (एक) और राघवी बिष्ट (18) रन बनकर आउट हुई। तेजल हसबनिस (42), तनुश्री सरकार (17), मिन्नू मनी (पांच), कप्तान राधा यादव (18), साइमा ठाकोर (शून्य) पर आउट हुई। 48वें ओवर में सियाना जिंजर ने तनुजा कंवर (15) को आउटकर इंडिया ए की पारी का 216 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से तालिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। सियाना लजजर, एला हेवर्ड और अनिका लीरॉइड को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अपने अंतिम समय में भी, मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केर्न्स, वार्ता।** द. अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी-20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए।

# चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

● चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को रिटायर होना पड़ा

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं।

यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुई और उन्हें मिस्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर




शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रही अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने अपनी चोट से जूझते हुए मिस्र की नूर खफागी को 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से हराया। अनाहत ने राउंड ऑफ 16 में ऑस्ट्रेलिया की सारा कार्डवेल को 3-0 (11-3, 11-3, 11-4) से हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 3-0 (11-4, 11-9, 14-12) से हराया। इससे पहले उन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली थी। इस बीच, हबीबा हानी ने सेमीफाइनल में भारत की पाँचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6) से हराया था।


जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान
रामनगर (नैनीताल)
पेयजल की बर्बादी रोकें व पेयजल बिलों का शीघ्र भुगतान करें।
मनोज कुमार गंगवार
अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त जल संस्थान स्टाफ

मनोज तिवारी
सदस्य प्रांतीय तदर्थ समिति
जिलाध्यक्ष
उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश रस्तोगी (पार्षद वार्ड नं0 10, नगर निगम, रुद्रपुर) मो0: 9045865000

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस की ग्राम वासियों/ क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गौहर अली
(भाजपा नेता)
मंडल अध्यक्ष
भाजपा (अ.मौ)
फिस -राजपुर, जसपुर

ग्राम सभा मैंनाझुण्डी. विकास खंड सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर से ग्राम प्रधान अमनदीप कौर पत्नी सरदार अमरीक सिंह पूर्व प्रधान की ओर से क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं

जिला पंचायत 11 सरकड़ा. विकास खंड सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर से जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायाण / अर्पण नारायाण पुत्र सूरज नारायण की ओर से क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार बलविन्दर सिंह
प्रबंधक
दशमेश अकेडमी स्कूल सितारगंज ऊधमसिंहनगर

तारा चन्द्र घिल्डियाल
प्रदेश महामन्त्री
उत्तराखण्ड लेखपाल संघ
रामनगर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
अनुराग अग्रवाल अध्यक्ष
दीपक जैन कोषाध्यक्ष
गौरव अग्रवाल सचिव
रचित मेहरोत्रा उपाध्यक्ष
लायंस क्लब 321 बी-1 टनकपुर पंचायत

# द्वितीय केदार मदमहेश्वर को जाने वाला मार्ग ध्वस्त, यात्री फंसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में लगातार बारिश का सितम जारी है। बारिश के कारण द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर को जोड़ने वाला पैदल मार्ग भी बंद हो गया है। मार्ग का पचास मीटर हिस्सा ध्वस्त होने से यात्री भी विभिन्न पड़ावों में फंस गए। एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के जवानों ने वैकल्पिक मार्ग तैयार कर तीर्थयात्रियों को निकाला, जिसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

बीती शनिवार रात्रि मदमहेश्वर घाटी में हुई मूसलाधार बारिश के कारण द्वितीय केदार मदमहेश्वर यात्रा के आधार शिविर गौण्डार-बणतोली के मध्य लगभग 50 मीटर पैदल मार्ग भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। पैदल मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवाजाही पूर्णतया ठप हो गयी और मध्यमहेश्वर धाम सहित यात्रा पड़ावों पर गये यात्री फंस गए। रविवार को जिला प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और लोनिवि के मजदूरों को मार्ग को खोलने और तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए भेजा गया।

रेस्क्यू टीम ने तीर्थयात्रियों को निक.ालते के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया। करीब 50 से 60 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित जंगल के रास्ते निकाल.कर गौण्डार पहुंचाया गया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता आरपी नैथानी ने बताया कि क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग को दुरूस्त



करने के लिए दस मजदूरों को लगाया गया है। रास्ते को दुरूस्त होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। पूर्व प्रधान बीर सिंह पंवार ने बताया कि आपदा प्रभावित पैदल मार्ग के निचले हिस्से में मधु गंगा का बहाव तेज होने से रेस्क्यू कार्य में बहुत सारी दिक्कतें हुई।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन खासा प्रभावित हो गया है। मदमहेश्वर यात्रा को जोड़ने वाले पैदल के ध्वस्त हो जाने के बाद शीघ्र एसडीआरएफ और डीडीआरएफ टीम को रवाना किया गया। टीम की ओर से वैकल्पिक मार्ग तैयार कर तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकालकर गौंडार भेजा गया। पैदल यात्रा पड़ावों में फंसे सभी तीर्थयात्रियों को निकाला जा चुका है।

### खतरे के निशान से ऊपर बह रही अलकनंदा नदी,

रुद्रप्रयाग। जिले में लगातार बारिश जारी है। बद्रीनाथ और केदारनाथ क्षेत्र में हो बारिश के कारण नदियों का जल स्तर उफान पर है, जिस कारण नदियों से सटे आवासीय भवनों को खतरा बना हुआ है। बद्रीनाथ क्षेत्र में हो रही तेज बारिश के कारण अलकनंदा नदी का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है।

अलकनंदा नदी का जलस्तर 626.10 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान 626.00 मीटर से थोड़ा ऊपर है। जबकि मंदाकिनी नदी के खतरे का स्तर 626.00 मीटर है और वर्तमान जलस्तर 624.70 मीटर है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि भारी बारिश के चलते नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है। संबंधित विभागों को अपने क्षेत्रों में जनमानस और मवेशियों को नदी किनारे जाने से रोकने और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुलिस ने महिला से धोखाधड़ी एवं छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** कोतवाली पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से धोखाधड़ी एवं छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर चेक बाउंस संबंधी मामले भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। रविवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जुलाई 2025 को स्थानीय महिला ने कोतवाली में नवल किशोर निवासी झंडीचौड़ द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर उनसे दो लाख रुपये और शादी की दो अंगूठियां हड़पने व मारपीट व छेड़खानी करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मामले की विवेचना करते हुए आरोपी नवल किशोर द्वारा

वादिनी के साथ धोखाधड़ी करने के साथ ही मारपीट व छेडछाड़ करने की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस टीम द्वारा शनिवार 16 अगस्त 2025 को आरोपी नवल किशोर, पुत्र मांगतराम, निवासी- पूर्वी झंडी चौड़ को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय में पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के पश्चात जेल भेज दिया गया है। प्रभाारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध चेक बाउंस संबंधी तीन अन्य प्रकरण भी न्यायालय में विचाराधीन हैं।

# तेज बारिश से प्रतापनगर में तबाही, कई मकानों के आंगन ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर ब्लॉक में लगातार हो रही भारी बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। झिवाली, रौलाकोट और बेरबागी समेत आसपास के क्षेत्रों में रातभर से हो रही तेज बारिश के चलते कई परिवारों के घर प्रभावित हुए हैं। झिवाली गांव के टीकम सिंह रावत पुत्र चंद सिंह, बेरबागी के राजेंद्र सिंह बिष्ट और रौलाकोट की डब्बी देवी, खिला लाल तथा राजू लाल के मकानों के आंगन तेज बारिश के कारण ध्वस्त हो गए, जिससे लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा से हुए नुकसान की भरपाई और उचित मुआवजे की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार बारिश के कारण मकानों को और भी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है, जिससे परिवारों की सुरक्षा खतरे में है। प्रभावित लोगों को फिलहाल खुले आसमान के नीचे रहने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है।

रौलाकोट के प्रधान अरविंद नौटियाल ने जिलाधिकारी को पूरे नुकसान की जानकारी भेजी है और प्रभावित परिवारों को राहत राशि एवं मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र मौके पर राहत व बचाव कार्य शुरू करने की गुहार लगाई है, ताकि आपदा की मार झेल रहे लोगों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके।

# फरासू में 50 मीटर एनएच का हिस्सा अलकनंदा नदी में समाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** फरासू हनुमान मंदिर के पास बांध परियोजना की झील से सटे ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग का 50 मीटर से अधिक हिस्सा एक बार फिर पानी के कटाव के कारण ध्वस्त हो गया है। भूकटाव होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संकरा होने के कारण एक बार में एक ही वाहन पास हो पा रहा है। वन वे होने के कारण यात्रियों को घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। बताते चले बरसात के कारण अलकनंदा नदी उफान पर है। इससे पहले भी फरासू के पास राष्ट्रीय राजमार्ग का 50 मीटर का हिस्सा नदी तट के तरफ से भूकटाव होने कारण पूर्ण रूप से नदी में समा गया था। जिससे एन एच विभाग द्वारा पहाड़ी काट कर चौड़ीकरण कर दिया था, लेकिन एक बार फिर अलकनंदा नदी का जल स्तर बढ़ने से भूकटाव हुआ



है। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग का 50 मीटर हिस्सा ओर क्षतिग्रस्त होकर नदी में समा गया है।

यदि सुरक्षा के समय पर ठोस उपाय नहीं हुए तो एनएच को और अधिक नुकसान पहुंचने की संभावनाएं हैं। एनएच लोनिवि श्रीनगर के सहायक अभियंता मो. तहसीन ने बताया कि अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से फरासू हनुमान मंदिर के पास एनएच के 50 मीटर का हिस्सा पूर्ण रूप से नदी में समा गया है। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग में एक बार में एक ही वाहन पार्क हो पा रहा है। बताया कि गैरसैंण विधानसभा सत्र के मध्यनजर रखते एनएच विभाग ऊपरी पहाड़ी को काटकर राष्ट्रीय राजमार्ग खो चौड़ा करने का प्रयास कर रहा है। जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार कि दिक्कत सामने न आए। बताया कि एनएच में पूर्व में हुए भूकटाव से बचाव को लेकर टीएचडीसी को आंकलन तैयार करने को कहा गया है। बताया कि हाल ही में टीएचडीसी के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया है। बताया कि एनएच विभाग जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य शुरू करेगा।

### 22 भूस्खलन जोनों का ट्रीटमेंट शुरू

श्रीनगर। ऋषिकेश से लेकर रूद्रप्रयाग तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर 39 भूस्खलन जोन बने हुए है। जिनमें से 22 भूस्खलन जोनों पर एनएच लोनि.वि विभाग पर कार्य शुरू कर दिया है। एनएच लोनिवि के सहायक अभियंता तहसीन ने बताया कि देवप्रयाग से ऋषिकेश तक 22 भूस्खलन जोनों पर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य शुरू कर दिया है। जबकि स्वीत से रूद्रप्रयाग तक 8 भूस्खलन जोनों कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकि है। बताया कि जल्द ही भूस्खलन जोनों पर कार्य शुरू करवा दीया जायेगा।

## एक नजर .......

### खेल मैदान अगस्त्यमुनि में 20 को क्रिकेट ट्रायल

**रुद्रप्रयाग।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अण्डर 16 आयु वर्ग में जनपद की क्रिकेट टीम चुनने के लिए जिला स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन 20 अगस्त को खेल मैदान अगस्त्यमुनि में किया जायेगा। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश जमलोकी एवं सचिव अरूण तिवारी ने बताया कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड (सीएयू) के निर्देशानुसार जनपद में अण्डर 16 के चयन/ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें चयनित खिलाड़ियों को बोन टेस्ट से गुजरना होगा। जो कि सीएयू द्वारा आयोजित होगा। जिसकी तिथि बाद में तय होगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त चयन/ट्रायल में अधिक से अधिक बच्चे प्रतिभाग करें, जिससे जनपद से सर्वश्रेष्ठ बच्चे चुन कर प्रदेश के लिए भेजे जा सकें। चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को पंजीकरण के साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, विगत तीन वर्षों की स्कूलिंग, वर्तमान स्कूल से बोनाफाइड प्रमाण पत्र की मूल एवं फोटो प्रतिलिपि तथा अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो आवश्यक रूप से लानी होगी। इच्छुक प्रतिभागी 20 अगस्त को प्रात: 9 बजे खेल मैदान अगस्त्यमुनि में आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होवें। अधिक जानकारी के लिए एसोसियेशन के कार्यालय निकट भारतीय स्टेट बैंक से सम्पर्क कर सकते हैं।

### प्रयोगशाला सहायकों ने की नियमितीकरण की मांग

**रुद्रप्रयाग।** प्रयोगशाला सहायक कार्यालय सहायक माध्यमिक शिक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीतराम पौंठियाल ने सरकार से कार्मिकों को जल्द से जल्द उपनल द्वारा नियमितीकरण की मांग की है। कहा कि कोर्ट की ओर से भी उपनल कार्मिकों के पक्ष में फैसला दिया गया, मगर सरकार अभी तक चुप्पी साधे हुए ह। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी उपनल कार्मिकों के नियमितीकरण की घोषणा की है। तब से कर्मचारियों में एक खुशी का माहौल बना हुआ था, बावजूद सीएम की घोषणा पर भी अभी तक कार्यवाही नहीं हो पाई है। प्रदेश अध्यक्ष पौंठियाल ने कहा कि आगामी 19 अगस्त से होने वाले विधानसभा सत्र में उपनल के माध्यम नियुक्त कार्मिकों के नियमितीकरण पर फैसला लिया जाना चाहिए। यदि उपनल कार्मिकों के नियमितीकरण पर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा, तो संगठन को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, अनिल सिंह जाखी, ताजबीर सिंह नेगी, विजय सकलानी आदि मौजूद थे।

### चौथा हाई स्कूल हीरोज कप का आयोजन

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित स्वर्गीय सुनीत बिष्ट स्मृति चतुर्थ हाई स्कूल हीरोज कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जनता इंटर कॉलेज खेल मैदान में किया जा रहा है जिसमें नगर की शीर्ष 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं द्य प्रथम चरण के मुकाबलों में स्कालर्स अकादमी, बाल भारती, आरसीडी, एमकेवीएन और कान्वेंट स्कूल ने विजय प्राप्त की रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गत विजेता एवीएन ने कान्वेंट स्कूल को अभिनव सिंह के निर्णायक गोल से परास्त किया, दूसरे क्वार्टर फाइनल में एमकेवीएन ने एकांश के गोल से आरपी तेलीपाड़ा के ऊपर जीत दर्ज की, तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बाल भारती ने स्कालर्स के खिलाफ 2-1 की जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया । अंतिम क्वार्टर फाइनल में आरसीडी ने जीआईसी कुम्भीचौड़ को 1-0 से परास्त कर लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने का सौभाग्य प्राप्त किया ।

### आवास विकास मैदान में जलभराव से लोगों को दिक्कत

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत आवास विकास की भूमि पर जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है। जिससे स्थानीय लोगों की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार देर रात्री को हुई तेज बारिश से मैदान पूरी तरह जलमग्न हो गया। साथ ही तहसील मार्ग से आने वाले नालों का पानी भी मैदान में जमा हो गया। वार्ड पार्षद पूजा किमोठी ने बताया कि समस्या को देखते हुए नगर निगम कर्मियों की मदद से त्वरित जल निकासी की व्यवस्था की गई। बंद पड़े नालों को सुचारू किया गया और सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान क्षेत्र में हर बार जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

# गौशाला का पुस्ता टूटने ने तीन मवेशियों की मलवे में दबने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकास खंड थराली के अंतर्गत बैनोली गांव में भारी बारिश के चलते एक गौशाला के क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें बधें तीन मवेशियों की मौत हो गई हैं। शनिवार, की रात हुई भारी बारिश के कारण सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण सामान्य जनजीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ा हैं।

थराली के उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने बताया कि 16 अगस्त की देर रात राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र तलवाड़ी के अंतर्गत बैनोली गांव में जयवीर सिंह पुत्र दलीप सिंह की गौशाला के पीछे की दीवार ढह जाने से गौशाला क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें 1 भैंस, 2 बैल, एवं 1 बकरी बंधी हुई



थी। गौशाला क्षतिग्रस्त होने से 2 बैल तथा 1

बकरी की मौत हो गई हैं, जबकि भैंस घायल हो गई हैं। राजस्व उप निरीक्षक रोबट सिद्दकी के नेतृत्व में राजस्व पुलिस, डीडीआरफ की टीम को राहत एवं बचाव के साथ ही नुकसान का आंकलन करने को भेजा गया है। भरी बारिश के कारण सिमली -ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग,के अलावा राजमार्ग 90 थराली -देवाल-वांण, राजमार्ग 91 ग्वालदम-नंदकेशरी, देवाल -सुयालकोट-खेता,देवाल-घेस, थराली-डुंग्री, थराली-कुराड़ आदि मोटर सड़कों पर स्लाइड होने, सड़कों के धंसने के कारण सामान्य यातायात पर विपरीत प्रभाव पड़ा हैं। लोनिवि थराली के सहायक अभियंता जगद.ीश कुमार टम्टा ने बताया कि लोनिवि के बाधित सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनों को लगाया गया हैं।

# डोबरा-चांठी पुल मार्ग पर पांच दिन से ठप यातायात, ग्रामीण परेशान

**नई टिहरी।** डोबरा-चांठी पुलदृभीमेश्वर महादेव मंदिरदृबेरबगीदृमदननेगी मोटर मार्ग पिछले पांच दिनों से बंद पड़ा है। लगातार जगह-जगह मलबा आने के कारण सड़क यातायात ठप हो गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने से न सिर्फ आवागमन बाधित है, बल्कि रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई भी रुक गई है। स्थानीय लोक निर्माण विभाग बौराड़ी के इंजी. नियरों से सड़क खोलने की मांग की, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारी बारिश से सेमल्थ गांव में मकान क्षतिग्रस्त, परिवार बेघर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक के नैलचामी पट्टी स्थित सेमल्थ गांव में भारी बारिश ने एक परिवार का आशियाना छीन लिया। प्रभावित बिहारी लाल गौड़ का मकान बारिश से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दीवारें ढह गईं और भवन में गहरी दरारें पड़ गईं, जिसके चलते प्रशासन ने परिवार को तत्काल अन्यत्र शिफ्ट किया। अब वे अपने पुत्र महेश गौड़ के साथ अस्थायी रूप से अलग जगह रहने को मजबूर हैं। बिहारी लाल गौड़ ने जिलाधिकारी टिहरी निकिता खंडेवाल को पत्र लिखकर शीघ्र राहत और सहायता प्रदान करने की मांग की है। उनका कहना है कि मकान पूरी तरह रहने योग्य नहीं बचा है और बरसात के मौसम में परिवार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।प्रभावित परिवार का आरोप है कि अब तक प्रशासन की ओर से किसी तरह की आर्थिक सहायता या राहत उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने मांग की कि आपदा प्रभावितों को तत्काल मदद मिलनी चाहिए ताकि वे दोबारा अपने जीवन को संभाल सकें।

इस मामले में नव निर्वाचित बीडीसी मेंबर गुड्डी कुकरेती ने भी जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों से अपील की है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत दी जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं मिली तो बरसात में और भी परिवार संकट की चपेट में आ सकते हैं।

# जिला पंचायत टिहरी की कमान संभालेंगी इशिता सजवाण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला पंचायत टिहरी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष इशिता सजवाण ने कहा कि अब समय आ गया है जब युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांवों की मूलभूत सुविधाओं के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और पंचायत सदस्यों के सहयोग से योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

रविवार को हुई एक अनौपचारिक बातचीत में इशिता ने बताया कि वह लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रही हैं, लेकिन अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद अब उन्हें निर्णय लेने का अधिकार भी प्राप्त हुआ है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य



और रोजगार जैसे क्षेत्रों में उनके सामाजिक कार्यों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 से वह विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से इन विषयों पर लगातार कार्य कर रही हैं और अब जिला पंचायत की जिम्मेदारी मिलना उनके लिए एक अवसर है कि इन प्रयासों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जा सके।

**■ युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाना प्राथमिकता, सामाजिक कार्यों को नई दिशा देने का संकल्प,शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर होगा विशेष जोर, गांवों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का वादा**

इशिता सजवाण ने बताया कि वह टिहरी जिला पंचायत की पहली निर्विरोध और सबसे कम उम्र की अध्यक्ष चुनी गई हैं, जो उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार जनहित की योजनाओं को लागू कर रही है और अब उनकी प्राथमिकता होगी कि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेष फोकस करने का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद युवाओं और महिलाओं से सुझाव लिए जाएंगे, ताकि उनके विकास के लिए एक ठोस रोडमैप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। उनका लक्ष्य होगा कि पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देकर जिले को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

# भारी बारिश के बीच भी उमड़ा आस्था का सैलाब, महिला समागम में जुटे हजारों भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** संत निरंकारी मिशन की ओर से बौराड़ी स्थित निरंकारी भवन में टिहरी और उत्तरकाशी जिलों का महिला समागम रविवार को भव्य रूप से आयोजित किया गया। भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में भक्तजन इस समागम में पहुंचे और गुरु गद्दी पर अरदास कर सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने न सिर्फ सत्संग में भाग लिया बल्कि भक्ति और सेवा की भावना के साथ समाज उत्थान का संकल्प भी दोहराया।

समागम में गुरु गद्दी से ज्ञान प्रचा.रिका सविंदर कौर ने प्रवचन देते हुए कहा कि संत निरंकारी मिशन का मूल उद्देश्य निरंकार की अनुभूति कराना है। निरंकार हमारे हर कर्म में शामिल है और जीवन तभी सार्थक होता है जब हम सत्संग की ज्ञान रूपी रोशनी को अपने भीतर धारण कर उसे जग-जग तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि गुरु ज्ञान प्राप्त करने के बाद जीवन तप कर और भी निखर जाता है, और कठिन परिस्थितियां हमें कमजोर करने के बजाय और मजबूत बनाती हैं।

सविंदर कौर ने बताया कि संत निरंकारी मिशन धर्म और अध्यात्म के साथ-साथ मानव उत्थान और सामाजिक जागरूकता के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है।

# घनसाली के युवक की हत्या पर दोषियों को फांसी देने कि मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हरियाणा के अंबाला क्षेत्र में हुए घनसाली के युवक की हत्या को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। रविवार को इस बाबत को लेकर व्यापार संघ कीर्तिनगर, ठेकेदार संघ, चालक संघ, आपरेटर संघ से जुड़े लोगों ने कोतवाल प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में सामाजसेवी गणेश भट्ट, ठेकेदार संघ से जुड़े मुकेश गैरोला, ओबीसी संघ के पंकज कुमार, चालक संघ के प्रवीण सलेह, आपरेटर संघ के महेश चंद्र, व्यापार संघ के रोशन सेमवाल और क्षेत्र पंचायत सदस्य नेत्र सिंह ने कहा कि घनसाली निवासी साहिल बिष्ट वर्तमान में रोजी रोटी के लिए हरियाणा के अम्बाला में स्थित हाइवे स्टार होटल में तंदूरी सेफ का काम करता था। बताया कि सूचना मिली कि 13 अगस्त को उक्त होटल से काम निपटाकर रात 11 बजे अपने निवास स्थान को सड़क से पैदल जा रहा था, तब वहां बाइक सवार दो बदमासों ने साहिल

बिष्ट के साथ लूट पाट की और उसे चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। कहा कि इस घटना को बीते हुए 4 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उक्त अपराधी न तो पकडे गए ना ही हरियाणा सरकार की ओर से इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया आई है। कहा कि उत्तराखंड के हजारों युवाओं रोजी रोटी के लिए मजबूरी में अपने राज्य से बाहर अन्य राज्यों में जॉब कर रहे हैं।

ऐसे में उन सभी युवकों की सुरक्षा का दायित्व कौन लेगा। उन्होंने एसएसपी टिहरी से अम्बाला पुलिस से संपर्क साध कर

उक्त हत्यारों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार किए जाने और हत्यारों को फांसी की सजा देनज की मांग की है।

# घी संक्रांति पर एनएसएस ने चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में घी संक्रांति के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने रविवार को महाविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तहत स्वयं सेवियों ने महाविद्यासलय की पार्किंग, प्रार्थना स्थल एवं डंपिंग यार्ड की सफाई की एवं बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कूड़े का एकत्रीकारण किया।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीएस नेगी ने कहा कि आजादी पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एनएसएस इकाई समाज को स्वच्छ परिसर का उपहार देने का संकल्प लेकर कार्यक्रम कर रही है और यह अभियान गाँधी जयंती तक अनवरत चलता रहेगा।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ आपदा में लैंसडौन की देवरानी-जेठानी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददताा**

**लैंसडाउन ।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती गांव में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। बादल फटने से अब तक 51 लोगों ने जान गवा दी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं और कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। जान गवाने वालों में दो सीआरपीएफ जवान भी शामिल थे। जिनकी तलाश जारी है। अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन ने कई घरों, दुकानों और वाहनों को बहा दिया है। बताया जा रहा है कि बादल फटने की इस घटना में लैंसडौन की देवरानी-जेठानी की भी मौत हुई है।



घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है और लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।

आपको बता दें, लैंसडौन के व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता रामदास गुप्ता की बेटी दीपा अग्रवाल (50) अपने पति संदीप अग्रवाल, बेटे दक्ष अग्रवाल (16), जेठ अशोक अग्रवाल और जेठानी नीता अग्रवाल के साथ प्रसिद्ध किश्तवाड़ जिले के मचौल माता मंदिर में पूजा करने गई थीं।

दीपा अग्रवाल के भाई व्यापार मंडल लैंसडौन के सचिव मोहित गुप्ता ने बताया कि मचौल माता के दर्शन के बाद पूरा परिवार वहां लगे लंगर में बैठा था। तभी अचानक बादल फटने से आए सैलाब की चपेट में दीपा और उनकी जेठानी नीता अग्रवाल आ गई। अशोक अग्रवाल और उनके बेटे दक्ष ने किसी तरह खुद को बचा पाए। मोहित गुप्ता ने बताया कि दीपा और नीता के शव बरामद हो गए हैं। मृतक दोनों की पहचान होने के बाद लैंसडौन स्थित उनके मायके और ऊधम सिंह नगर स्थित ससुराल में मातम पसरा है।

# गैरसैंण सत्र में महत्वपूर्ण विधेयक लाएगी धामी सरकार

## रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी मंजूरी



**उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में मंगलवार से आयोजित होने जा रहे विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में मंत्रिमंडल द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित विधेयकों को अनुमोदित किया गया। जिनको आगामी विधानसभा सत्र में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। इन विधेयकों में समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड् (संशोधन) विधेयक 2025, उत्तराखण्ड् साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक 2025, अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 हैं।

### समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक

समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक के अंतर्गत विवाह पंजीकरण की समय अवधि में वृद्धि करने हेतु मूल संहिता में विवाह पंजीकरण हेतु छः माह की निर्धारित समय सीमा को एक वर्ष किये जाने के उद्देश्य से पूर्व में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश अधिसूचित किया गया, जिसे अब प्रतिस्थानी संशोधन विधेयक के रूप में प्रतिस्थापित किया जाना है। समान नागरिक संहिता समिति द्वारा की गयी संस्तुति/अनुशंसाओं के आधार पर तथा संहिता के कतिपय प्रावधानों में उत्पन्न व्यावहारिक कठिनाइयों व लिपिकीय त्रुटियों के समाधान हेतु मूल संहिता में आवश्यक संशोधन किये जाने के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) विधेयक, 2025 को अधिनियम के रूप में अधिसूचित किया जा रहा है।

**उत्तराखंड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025:** उत्तराखंड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025 के तहत राज्य के अन्तर्गत वर्तमान में भारतीय दण्ड सं्हिता के अधीन उत्तराखंड साक्षी संरक्षण अधिनियम, 2020 प्रभावी है। दण्ड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर सम्पूर्ण देश में दिनांक 01.07.2023 से भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू हो चुकी है। तत्क्रम में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 398 के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड साक्षी संरक्षण योजना, 2025 को प्रख्यापित किया जाना है। प्रस्तावित योजना को प्रख्यापित किये जाने से पूर्व में भारतीय दण्ड संहिता के अधीन अधिसूचित उत्तराखंड साक्षी संरक्षण अधिनियम, 2020 को निरसित किये जाने हेतु उत्तराखण्ड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025 को अधिनियम के रूप में अधिसूचित किया जाना है।

# बारिश से मकान और दुकान नाले में समाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** दून में लगातार हो रही बारिश से धर्मपुर विधानसभा के बंजारावाला वार्ड, बिस्मिल्लाह चौक में शाह आलम का मकान और दुकान नाले में समा गए। उनसे सटे तीन और मकान भी क्षतिग्रस्त हुए। इससे पहले भी कारगी में दो मकान गिर चुके है। रविवार को महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान, आशा मनोरमा डोबरियाल शार्मा आदि ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जाएजा लिया।

कहा कि हम सब मिलकर इन परिवारों के साथ खड़े हैं। इस कठिन समय में मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन से भी निवेदन है कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# हरदा ने नव निर्वाचित जिपं प्रतिनिधियों-पार्षदों को किया सम्मानित

## कांग्रेस की एकजुटता से जीत का नया संदेशः हरीश रावत, पूर्व सीएम ने प्रीतम सिंह की संगठन क्षमता को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रविवार को राजधानी देहरादून में कांग्रेस के नव निर्वाचित जिला पंचायत प्रति. निधियों और पार्षदों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह की जमकर सराहना करते हुए उन्हें जीत का सूत्रधार बताया।

हरीश रावत ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, जीत से मीठी कोई चीज नहीं है। अगर कांग्रेस एकजुट होकर लड़े तो जीत निश्चित है। उन्होंने साफ कहा कि हार का सिलसिला तोड़ना जरूरी है। कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी है और दशकों तक जीत की परंपरा को कायम रखा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि नगर निकाय में देहरादून की हार ने निराश किया था, खासकर विरेंद्र पोखरियाल को न जीता पाने का अफसोस रहा, लेकिन अब पार्टी में नई ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि जीत का यह काफिला रुकना नहीं चाहिए, हम सबकी जीत ही कांग्रेस की असली ताकत है।

हरीश रावत ने प्रीतम सिंह की संगठन क्षमता की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने मजबूती से मोर्चा संभाला, उसी तरह सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को मिलकर चुनाव लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी और कार्यकर्ता एक साथ खड़े रहेंगे तो कोई भी ताकत कांग्रेस को हरा नहीं सकती।

प्रीतम सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रताओं और आम जनता के सहयोग से जीत मिली है। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भी सभी नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और कह कि इस सम्मान समारोह से कांग्रेस ने साफ संदेश दिया कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत की कुंजी होगी।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विधायक विक्रम सिंह नेगी, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, आर्येंद्र शर्मा, मदन लाल, आर ए खान, वीरेंद्र पोखरियाल, मोहित उनियाल, वीरेंद्र रावत, नवीन जोशी, सुरेंद्र अग्रवाल, विरेंद्र पोखरियाल, नजमा खान, सय्यद कासिम अली, लालचनंद्र शर्मा, जयंत रमोला, मुकीम आलम व इताआत खान आदि मौजूद रहे।

# सुभारती ने चलाया विक्षारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** एमटीवी बुद्धिस्ट रिलिजियस व चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. केकेबीएम सुभारती अस्पताल देहरादून ने डॉ. कृष्ण कुमार भटनागर की जयंती के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय एवं परिसर में सौ वृक्ष रोपित किये गये।

सुभारती समूह संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने डॉ. कृष्ण कुमार भटनागर के जीवन-परिचय पर प्रकाश डाला। कहा कि अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए मेरठ में अर्थशास्त्र के शिक्षक बन गए। 1970 में वह अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख के रूप में नगरपालिका पोस्टग्रेजुएट विद्यालय, मसूरी में शामिल हुए। बाद में वह मसूरी के नगरपालिका पोस्टग्रेजुएट विद्यालय के प्रधानाचार्य बने। वह 1989 में सेवानिवृत्त हुए। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होने अपनी मृत्यु तक मसूरी में रहना जारी रखा।

उनकी इच्छा थी कि डॉ. अतुल कृष्ण मसूरी व देहरादून में ही रहे। इसी कारण डॉ. अतुल कृष्ण देहरादून आए और यहाँ पर भी उन्होने रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय और गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय तथा उनके नाम से सुभारती अस्पताल की स्थापना की।

इस मौके पर सुभारती विश्व. विद्यालय के कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन, प्राचार्य डॉ. देश दीपक, उप प्राचार्य डॉ. रूप हँसपाल, अस्पताल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल मोंगिया, डॉ. लोकेश त्यागी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. प्रशांत कुमार भटनागर, रितेश श्रीवास्तव, डॉ. नावेद अली कुरेशी, जितेन्द्र त्यागी, रवि मित्तल, आदित्य गौतम, आरिफ, आकाश कुशवाहा, धीरज, सागर व ज्ञान बहादुर आदि उपस्थित रहें।

# मान्यता प्राप्त मदरसों पर संकट के बादल

## मदरसा प्रबंधकों ने उठाए सवाल, उत्तराखण्ड में 452 मदरसे है पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य सरकार की और से रविवार को कैबिनेट में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन करने का फैसला लिया गया है, साथ ही 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद' को 1 जुलाई 2026 से समाप्त करने की घोषणा की गई है। सरकार के इस फैसले पर जहा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ति शमून कासमी ने सरकार की सराहना की है, वहीं, उत्तराखण्ड मदरसा एसोसिएशन और प्रबंधकों ने कई सवाल उठाए है।

मदरसा एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना इफ्तिखार अहमद कासमी का कहना है, कि बोर्ड समाप्त होने के बाद क्या वर्तमान में मान्यता प्राप्त मदरसों को फिर से मान्तया लेनी होगी। क्या नये प्राधिकरण की और से जारी प्रमाण पत्रों की समकक्षता विद्यालय शिक्षा परिषद के बराबर होगी। इन सवालों का अभी कोई जवाब नही मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि मदरसा बोर्ड से 452 मदरसे पंजीकृत हैं। यह बोर्ड 1 जुलाई 2026 से समाप्त हो जाएगा। वहीं, प्रदेश में अल्पसंखयक दर्जा प्राप्त 130 संस्थान है, जिसमें सभी अल्पसंख्यकों वर्गो के शिक्षण संस्थान शामिल है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा परिषद की स्थापना जैसे दूरदर्शी कदम उठाकर राज्य के विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने में सराहनीय योगदान दिया है। धामी का यह प्रयास, जो अल्पसंख्यक समुदायों को उनकी धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ मुख्यधारा की शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह परिषद अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों को उत्तराखंड राज्य बोर्ड की शिक्षा के साथ-साथ उनकी पारंपरिक धार्मिक शिक्षा प्रदान करने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगी...**मुफ्ति शमून कासमी, अध्यक्ष उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद।**

# मेघदूत की प्रस्तुति 'रुक्मिणी मंगल' नाटक ने बांध समां

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर आयोजित नाटक को दर्शकों ने मुक्तकंठ से सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** श्री सनातन धर्म सभा गीता भवन के सौजन्य से बीते शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के मौके पर राजा रोड़ स्थित गीता भवन के सभागार में मेघदूत नाट्य संस्था ने रुक्मिणी मंगल नाटक की भव्य प्रस्तुति दी। मेघदूत के संस्थापक और रंगमंच के पुरोधा एस.पी. ममगाई द्वारा लिखित और निर्देशित रूक्मणी मंगल नाटक मूलतः रुक्मिणी और श्रीकृष्ण के विवाह, श्री बदरीनाथ धाम में घंटाकर्ण की तपस्या तथा प्रद्युम्न जन्म की रोचक कथा पर आधारित था। इसमें स्वयं भगवान कृष्ण रुक्मिणी के साथ बदरीनाथ धाम पहुंचकर घंटाकर्ण को क्षेत्रपाल नियुक्त करते हैं।

श्रीमद्भागवत पुराण, शिव पुराण, हरिवंश पुराण, स्कंद पुराण, कथावाचक राधेश्याम जी के खंडकाव्य रुक्मिणी मंगल, रामचरित मानस तथा गर्ग संहिता के प्रसंगों से ली गई विषयवस्तु पर आधारित नाटक ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। पौराणिक प्रसंगों पर नाटक मंचन की निर्देशक और लेखक एस.पी. ममगाई को महारत हासिल है। इससे पूर्व भी वे दर्जनों कथानकों पर देहरादून और देहरादून से बाहर सफल मंचन कर चुके हैं। गीता भवन में ही श्रीकृष्णवतार, ऊषा अनिरुद्ध विवाह तथा कतिपय अन्य कथानकों पर नाटक मंचित कर चुके हैं। इस मौके पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी, राजपुर रोड के विधायक खजान दास, कैंट विधायक श्रीमती सविता कपूर तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष राकेश ओबेरॉय, महामंत्री विपिन नागलिया और गुलशन खुराना ने अतिथियों का स्वागत किया। देर रात तक चले ष्रुक्मिणी मंगलष नाटक में भगवान शिव की भूमिका विजय डबराल ने निभाई जबकि पार्वती का अभिनय जाह्नवी पांडे ने किया। श्रीकृष्ण की भूमिका अनिल दत्त शर्मा और रुक्मिणी की भूमिका मिताली पुनेठा ने अदा की। ब्राह्मण की भूमिका में उत्तम बंदूनी, घंटाकर्ण नंदकिशोर त्रिपाठी और घंटा के भाई की भूमिका में गिरी. विजय ढौंढियाल थे। सुलेखा की भूमिका अर्चना भंडारी ने अदा की। अक्षित जोशी, ऋषि अंगिरा की भूमिका गोविंद थपलियाल और वसंत की भूमिका मनीष गुसाईं ने निभाई। सारंग की भूमिका में राजेश भारद्वाज, भूमा पूनम राणा, मंगला रश्मि जैना, सात्यकि हर्ष पांडे, वशिष्ठ प्रदीप शर्मा, कामदेव पूनम राणा, कृतवर्मा मनीष गुसाईं के अतिरिक्त डांडिया नृत्य में सपना गुलाटी, पूनम राणा, रश्मि जैना, इंदु रावत, अर्चना भंडारी, जाह्नवी पांडे, मोनिका, प्रियंका राणा, कशिश और ममता ने समा बांध दिया। नाटक का संगीत आलोक मलासी ने तैयार किया था जबकि संगीत संयोजन मो. हित कुमार का रहा। अमिता मोहित, मोनिका ढौंढियाल, अभिषेक मेंदोला, सपना गुलाटी, प्रदीप शर्मा और ममता ने वस्त्र और रूप सज्जा में योगदान दिया। सिद्धार्थ डंगवाल ने रूपांतरित घंटाकर्ण का अभिनय किया। प्रेम कुमार, रवींद्र गोस्वामी, हर्ष पांडे ने भी शानदार अभिनय किया। देर रात तक चली इस प्रस्तुति में दर्शक अंत तक बैठे रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शास्त्री ने किया।



**■ नाटक का निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी श्री एसपी ममगाई ने किया ■ रुक्मिणी के किरदार में मितली पुनेठा और कृष्ण की भूमिका में अनिल दत्त शर्मा ने मोहा मन**

### कुकिंग प्रतियोगिता में उत्साह से किया प्रतिभाग

**अल्मोड़ा।** ग्रीन हिल्स संस्था की ओर से रविवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा पहाड़ी संस्कृति पर आधारित विभिन्न पकवान बनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ लज्जा पंत, लता बोरा, इला शाह, डा. वसुधा पंत समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर संस्था की डा. वसुधा पंत ने बताया कि पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा तथा संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता से किचन क्वीन, मास्टर सेंफ और स्वाद संगीनी चुनी जाएंगी। बताया कि 10 अक्टूबर से नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में आयोजित होने वाले अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल से पूर्व विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# एकल माता की बेटी शिवानी की शिक्षा पुनर्जीवित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विगत वर्ष से जिला प्रशासन देहरादून की कार्यशैली में भारी बदलाव देखने को मिले हैं। जहां आम जनमानस, व्यथित, बुजुर्ग,दिव्यांग, असहायों, की सुनवाई हो रही है वही एक के बाद एक कड़े निर्णय उनके पक्ष में हो रहे हैं।

दुखियारी एकल मां रजनी ने डीएम सविन बंसल से गुहार लगाई की वह किराए के मकान पर रहती हैं व प्राइवेट नौकरी करती हैं उनके दो बच्चे हैं दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च वहन करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने फरियाद लगाई कि बिटिया की पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर पा रहे हैं उनकी बिटिया शिवानी 12वीं कक्षा में है उन्होंने बेटी की पढ़ाई नंदा सुनंदा से करने की डीएम से गुहार लगाई। जिस पर डीएम ने श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन से 2024-25 की फीस में रियायत देने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी के अनुरोध पर एसजीआरआर एजुकेशन मिशन द्वारा शिवानी की पिछले सेशन की 50ः फीस माफ कर दी। वहीं अब जिला प्रशासन द्वारा शिवानी की आगे की पढ़ाई खर्चा प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा से उठाया जाएगा, जिसके लिए डीएम ने समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

# निजी चिकित्सालयों से कम न रहे सरकारी अस्पतालः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** जिलाधिकारी सचिन बसंल की अध्यक्षता में रविवार को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में चिकित्सा प्रबन्धन समिति राजकीय जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) संचालन मण्डल की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सालय के सभी प्रस्तावों को स्वीकृत्ति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के निर्देशित किया कि सरकारी चिकित्सालयों में सभी सुविधाएं मुहैया कराई जानी है ताकि जनमानस को महंगे इलाज के लिये निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पढ़े।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा अनुरूप अपने जनमन के सरकारी अस्पताल निजी चिकित्सालयों से कम न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमत्री के संकल्प स्वास्थ्य सेवाओ के सुधार को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। डीएम ने जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू के लिए 6 अतिरिक्त बैड, एक्सरेमशीन, फोटोथेरेपी उपकरण की मौके पर ही स्वीकृति दी। वहीं चिकित्सालय में ऑटोमेटेड पार्किंग, महिला हिलांस कैंटीन, ब्लड बैंक से डॉक्टर्स, स्टॉफ, जनमन गदगद हैं। जिलाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लेड अप्रोन स्टैण्ड, अल्ट्रासाउंड जैली, पेशेंट एक्सामिलेशन कोच का कार्य, एक्सरे, सीटी स्कैन मशीन, व्हीलचेयर, चिकित्सक यूनिफार्म, एक्सामिनेशन टेबल, ड्रेसिंग ड्रम, सर्जिकल उपकरण, बेडसीट, एडल्ट सेकशन मशीन, एसी, बैबी रेडियट वार्मर, एन्डोस्कोपी सिस्टम कैमरा अदि सामग्री का कय किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने एसएनसीयू में 286 बच्चे भर्ती हुए है जिनमें 287 डिस्चार्ज किए गए तथा 21 बच्चें रेफर किए गए रेफर का कारण जाने पर चिक्तिसकों ने सुविधा की कमी होना बताया जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल सभी सुविधाओं के प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, प्रभारी अधिकारी स्वास्थ्य विभाग उप जिलाधिकारी हरिगिरि, सीएमएस डॉ मन्नु जैन, डॉ जेपी नौटियाल, मुख्य कोषाधिकारी नीतू भंडारी, डॉ शालिनी डिमरी, डॉ नीतू तोमर, प्रमोद कुमार राजीव सब्बरवाल, इन्दू शर्मा, सुशिला पंवार, राजेश आरती आदि उपस्थित थे।

# बारिश से लोगों को जलभराव की समस्या का करना पड़ा सामना

## मेयर किरण जैसल और नगर आयुक्त नंदन कुमार के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने संभाला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रविवार सवेरे हुई जोरदार बारिश के चलते शहर के लोगों को एक बार फिर जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। खासतौर पर जलभराव के लिए कुख्यात हो चुके भगत सिंह चौक, रेल पुलिया के नीचे और चंद्राचार्य चौक कई-कई फीट पानी भर गया। जलभराव के बीच से निकलने के प्रयास में कई वाहन पानी में फंस गए। इसके अलावा कनखल संदेश नगर, पुराना आटीओ चौक पर भी जलभराव के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जलभराव होने के बाद मेयर किरण जैसल और नगर आयुक्त नंदन कुमार के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने मोर्चा संभाला। पुराना आरटीओ चौक पर मुख्य सफाई निरीक्षक मनोज कुमार, संदेश नगर में मुख्य सफाई निरीक्षक श्रीकांत,



भगत सिंह चौक पर मुख्य सफाई निरीक्षक श्री संजय शर्मा ने कर्मचारियों और नाला गैंग के साथ पानी की निकासी के प्रयास शुरू किए। पंप और सक्शन मशीन के माध्यम से पानी की निकासी करवायी गयी। नाला गैंग के नालों की सफाई करने से भी जल निकासी में मदद मिली। मेयर किरण जैसल ने विभिन्न संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त नंदन कुमार के निर्देशन में उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी भी सभी स्थलों का निरीक्षण करते हुए कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेयर किरण जैसल ने बताया कि नगर निगम जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। साथ ही निगम एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्विक रिस्पांस टीम) भी बनाई है, जो बारिश शुरू होते ही तत्काल मोर्चा संभाल लेती है। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि इस वर्ष बरसात से पूर्व ही नगर निगम ने शहर के सभी नाले-नालियों की तीन से अधिक बार सफाई व तली झाड़ सफाई कराने का लाभ मिला। जिससे इस बार जलभराव की समस्या अपेक्षाकृत कम रही है। पूर्व तैयारी और तत्परता से कार्य कर शहरवासियों को भारी बारिश में बड़ी असुविधा से बचाया गया। बारिश के बीच निगम की सक्रियता शहर के लिए एक सकारात्मक संकेत है। भविष्य में भी ऐसी चुनौतियों से निपटने की पूरी क्षमता मौजूद है।

# शहर में अधिवक्ता भी सुरक्षित नहीं अधिवक्ता से लूट और मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रोशनाबाद कोर्ट परिसर के निकट पार्किंग में अवैध रूप से शराब का सेवन करवाने व बेचने का काम कुछ ढाबों द्वारा बेखौफ किया जा रहा है। शाम होते ही लोगों का आवागमन शुरु हो जाता है, ढाबे में बैठकर शराब का सेवन करते हैं ढाबा में खाने की चीजों की व्यवस्था ढाबा मालिक करता है, जिन्हें शराब की बोतल या बीयर की जरूरत होती है। शराब की बोतल व बीयर भी ढाबा मालिक ढाबे में रखे फ्रीजर से निकलकर देता है और मध्यरात्रि तक यह सिलसिला चलता रहता है। जब इसका विरोध कुछ अधिवक्ताओं ने किया तो ढाबा मालिक हरिया उन अधिवक्ताओं से रंजिश रखने लगा है। इसी क्रम में एक अधिवक्ता अपने मुवक्किल के साथ 10 अगस्त को रात्रि 9 बजे करीब अपने चैंबर पर जरूरी फाइल लेने गया था। इस दौरान ढाबा मालिक हरिया ने मौका देखकर अपने साथियों के साथ मिलकर अधिवक्ता के चैंबर में घुसकर गाली गलौज व आत्मघाती हमला करने लगा। यह भी जानकारी मिली कि हमले के दौरान चाकू, रोड का भी इस्तेमाल हुआ। अधिवक्ता के सिर में गम्भीर चोटे आयी अधिवक्ता के मुवक्किल इसरार ने अधिवक्ता को बचाने का प्रयास किया तो मुवक्किल के साथ भी पेशेवर अपराधियों ने मारपीट की व मुवक्किल का फोन तोड़ दिया व अधिवक्ता की जेब में रखे 700 रुपये व सैमसंग गैलेक्सी फोन घायल अवस्था में लूट लिया। पीड़ित अधिवक्ता ने अपने अधिवक्ता साथी को फोन किया साथी मौके पर आया और 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को मौके पर बुलाया तब पुलिस द्वारा 108 पर फोन करके एम्बुलेंस को बुलाया गया और पीड़ित अधिवक्ता को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल हरिद्वार ले जाया गया पुलिस ने इस पूरे मामले की जानकारी के बाद 6 धाराओं में हरिया व सात अज्ञात के विरुद्ध थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक शैलेन्द्र ममगाईं को सौंपी गई। पुलिस ने पीड़ित अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया है कि ऐसे पेशेवर अपराधियों पर सख्त करवाई होगी, अगर पुलिस की पेट्रोलिंग दुघर्टना क्षेत्र हो रही होती तो इस दुर्घटना को टाला जा सकता था। जनपद हरिद्वार में अपराधियों को हौसले बुलंद हैं जनपद हरिद्वार में अधिवक्ता पर हमला पूर्व में भी हुआ एक मामला वर्ष 2025 में दर्ज हुआ था और एक मामला 2024 में दर्ज हुआ था लेकिन हरिद्वार पुलिस की कानून व्यवस्था पर दो वर्षों से सवाल उठ रहा है क्यों इस तरह के अपराध निरंतर हो रहे हैं।

# उपनगरी ज्वालापुर में जलमग्न हुई सड़कें



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रविवार सवेरे हुई तेज बरसात के कारण उपनगरी ज्वालापुर में सड़कों पर जलभराव हो गया। जलभराव के कारण आम लोगों एवं व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह सवेरे हुई बरसात के बाद कटहरा बाजार, गांधी मार्केट, चौक बाजार, पीठ बाजार, गुरुद्वारा रोड, कस्साबान रोड आदि क्षेत्रों में सड़कें जलमग्न हो गयी। बाजारों में पानी भरने से दुकानें देर से खुली। कई दुकानों में बरसाती पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान का सामना करना पड़ा। बरसात और जलभराव के चलते कई घंटे तक बाजारों व्यापारिक गतिविधियां ठप्प रही। बरसाती पानी की वजह से नाले और नालियों चौक होने से मौहल्लों और कालोनियों में भी जलभराव होने लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।

# आद्य शक्ति महाकाली आश्रम में धूमधाम से मनायी गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित आद्य शक्ति महाकाली आश्रम में निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज के सानिध्य में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आश्रम में भव्य झांकिया संजायी गयी। कलाकारों ने भजनों पर राधा कृष्ण नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। ऐसी लागी लगन, मीरा हो गयी मगन। किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए। श्याम तेरी बंशी को बजने से काम, तु तो मीरा का भी श्याम, राधा का भी श्याम आदि भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। इस अवसर पर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने बाल कृष्ण बनी चार माह की पीहू वालिया से आशीर्वाद लिया। अर्द्धरात्रि में कृष्ण जन्म होने पर बाल कृष्ण की विशेष भव्य आरती व पूजन कर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने 56 प्रकार का भोग अर्पित किया। भक्तों ने 'नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल कीं' का जयघोष करते हुए पुष्पवर्षा कर बाल कृष्ण को झूला झूलाया और एक दूसरे को बधाई दी। इसके उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। सभी को श्रीकृष्ण जन्म की शुभकामनाएं देते हुए निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि संसार के पालनहार योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जन-जन के आराध्य हैं। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति पूर्ण समर्पण ही जीवन की संपूर्णता है। सोलह कलाओं से परिपूर्ण भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण पुरूष थे। जब पृथ्वी और मानवता कंस और उसके राक्षसों के अत्याचारों से त्रस्त थी तो स्वयं भगवान नारायण ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया और कंस का वध कर समस्त मानवता को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलायी। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने संसार को समरसता का संदेश दिया। भगवद्गीता के रूप में दिए गए उनके उपदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। सभी को अपने जीवन में भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए। इस दौरान स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने आधा किलो का बुंदी का लड्डू खाने वाले दो भक्तों को 11-11 हजार रूपए पुरूस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, बाल मुकुंदानंद ब्रह्मचारी, महंत लाल बाबा, आचार्य पवनदत्त मिश्र, चेतन शर्मा, रामसिंह, आत्मानन्द सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# धर्मनगरी में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस बार भी पूरे हर्षोउल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। खासकर कनखल क्षेत्र के मंदिरों और गलियों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। जगह-जगह भजन-कीर्तन, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते दिखे।

लोगों ने भारतीय संस्कृति और अपनी परंपराओं के प्रति गहरा लगाव दिखाते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिरों में लंबी-लंबी कतारें लगीं, जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर प्रसाद प्राप्त करते रहे। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विशेष आयोजन हुआ, जिसमें पूरा माहौल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। खास बात यह रही कि नन्हें-मुन्ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के रूप में सजाकर माता-पिता ने इस पर्व को और भी आकर्षक बना दिया। हर मां अपने बेटे में नन्हा कान्हा और बेटी में राधा का रूप देखकर अभिभूत होती दिखी। छोटे-छोटे बच्चों की झांकियां लोगों के लिए मुख्य आकर्षण रहीं। त्यौहारो ने यह साबित कर दिया कि भारतीय संस्कृति की जड़ें आज भी लोगों के दिलों में गहराई से बसती हैं। हर उम्र के लोग इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए एकजुट होकर त्योहार में शामिल हुए और भक्ति, श्रद्धा व देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत माहौल बना दिया।



# ज्वालापुर के कई मौहल्लों में सट्टे की खाई बाड़ी सक्रिय

## सट्टे की खाई बाड़ी करता एक सटोरिया दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उपगनरी ज्वालापुर में सट्टे की खाई बाड़ी का काम सक्रिय है। पुलिस द्वारा बार-बार की गई कार्यवाही के पश्चात भी सट्टे की खाई बाडी कर रहे इन अपराधियों पर पुलिस अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। इसी क्रम में कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई बाड़ी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से 1280 रुपए की नगदी एक सट्टा पर्ची बरामद की है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को चेतक पुलिस मोहल्ला पांवधोई में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसको मौके पर कुछ दूरी पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध सट्टा पर्ची एक पेन व नगद 1280 रुपए बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित हंस निवासी मोहल्ला पावधोई गाड़ो वाली मस्जिद कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार बताया है। पुलिस टीम में कां. कपिल कुमार, कां. आलोक कुमार शामिल रहे हैं।



# मित्र पुलिस ने बिखरने से बचाया परिवार

## बच्चियों को साथ लेकर आत्महत्या करने के इरादे से हरिद्वार आयी थी महिला

### पुलिस ने रेस्क्यू कर पति के सुपर्द किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** देहरादून से मासूम बच्चियों को साथ लेकर आत्महत्या करने के इरादे से हरिद्वार आयी महिला को बच्चियों सहित रेस्क्यू कर नगर कोतवाली पुलिस ने परिवार को बिखरने से बचा लिया। काउंसलिंग के बाद पुलिस ने महिला को उसके पति के सुपर्द कर दिया।

17 अगस्त की रात लगभग 12:30 बजे कंट्रोल रूम से नगर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला अपने पति से विवाद के चलते देहरादून से अपनी दो बच्चियों सहित हरकी पैड़ी आ गई है और पति को फोन कर आत्महत्या करने की धमकी दे रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली नगर पुलिस ने तत्काल त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 टीमें गठित कीं। जिनमें 4 टीमों को ग्राउंड पर तथा 2 टीमों को कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर महिला व बच्चियों की तलाश हेतु लगाया गया। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस टीम को काफी प्रयासों के बाद महिला व उसकी बच्चियां अपर रोड से घाट की ओर जाते हुए दिखायी दी। ग्राउंड पर महिला को तलाश कर रही टीम कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और तीनों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।



इसके बाद महिला के पति को बुलाकर उसकी व उसके पति की हरकी पैड़ी चौकी पर काउंसलिंग कराई गई और समझाने-बुझाने के बाद महिला व बच्चियों को सुरक्षित उसके पति के सुपुर्द कर दिया। पत्नि और बच्चियों के सुरक्षित मिलने पर पति ने पुलिस का आभार जताया।

# गुरुद्वारों में मनाई गई संक्रांत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भादो महीने की संक्रांत धर्मनगरी के गुरुद्वारों में कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई। शनिवार को प्रेमनगर चौक स्थित निर्मल विरक्त कुटिया डेरा कार सेवा के ऐतिहासिक गुरुद्वारे, निर्मल संतपुरा स्थित गुरुद्वारे, भेल सेक्टर दो स्थित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा, गोल गुरुद्वारे आदि में सुबह से देर रात तक संक्रांत पर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब पाठ, शब्द कीर्तन, कथा का आयोजन किया गया। निर्मल विरक्त कुटिया डेरा कार सेवा गुरुद्वारे में पहली बार संक्रांत मनाई जिसमें पंचपुरी से सैकड़ों की संख्या में संगत पहुंची। इस अवसर पर बाबा पंडत ने कहा कि अब हर महीने संक्रांत मनाई जाएगी। निर्मल संतपुरा गुरुद्वारे में संत बलजिंदर सिंह शास्त्री, गुरप्रीत सिंह ने कथा और अगमप्रीत कौर, रश्मित कौर, जोरावर सिंह, गुरप्रीत सिंह, सिमरनजीत सिंह बच्चों ने कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया।

# बालाजी प्रार्थना धाम मंदिर में जन्माष्टमी मनाई धूमधाम से

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिव विहार ज्वालापुर स्थित श्री रामभक्त बालाजी प्रार्थना धाम मंदिर में श्रीकृष्ण के बाल रूप की स्थापना कर जन्माष्टमी बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। विशेष तौर से नन्हे भक्तों ने बालकृष्ण का रूप धारण कर मंदिर में आकर अपने आदर्श को झूले पर झुलाया। मध्य रात्रि में कान्हा का जन्म होते ही सभी भक्तों ने बालकृष्ण भगवान का जयकारे लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थापक ट्रस्टी आरएस विश्वकर्मा (गुरुजी) ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचार से मानवता को मुक्ति दिलाने के लिए अवतार लिया था। इसलिए इस दिन श्री कृष्ण के बाल रूप की पूजा की जाती है। इस अवसर पर ओम प्रकाश, ट्रस्ट अध्यक्ष कुशल पाल सिंह चौहान, सचिव अविनेश कौशिक, ट्रस्टी डॉक्टर केपीएस



चौहान, शिव विहार समिति के अध्यक्ष डॉ एसपी चमोली, मास्टर दीपक चौहान सतपाल सिंह, छोटेलाल शर्मा, गोपाल सिंह, पंडित रमेश जुयाल, दिनेश अरोड़ा, सीमा चौहान, कविता गुप्ता सुनीता चौहान, ओपी सिंह आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

## हरिद्वार में अपराधियों के हौसले बुलंद

# जेल से छूटा पुराना तस्कर अब चोरी करते गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पहले नशे का कारोबार करने वाला अपराधी अब खुलेआम चोरी कर रहा है। 15 अगस्त 2025 को न्यू कृष्णा नगर थाना कनखल से चोरी हुई एक्टिवा (UK-08-L-0903) का पर्दाफाश तो पुलिस ने कर दिया, लेकिन आरोपी मेहरबान पुत्र अली हसन (36 वर्ष) की गिरफ्तारी ने पुलिस और न्यायिक तंत्र की नाकामी को बेनकाब कर दिया है। यह वही मेहरबान है जो पहले अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। मगर सवाल यह है कि आखिरकार ऐसे आदतन अपराधी जेल से बाहर कैसे आ जाते हैं और फिर से वारदातें करने लगते हैं? यह सीधा संकेत है कि या तो कानून बहुत ढीला है या फिर अपराधियों को राजनीतिक-सामाजिक संरक्षण मिल रहा है। शहरवासी दहशत में हैं, क्योंकि चोरी, नशा और अपराध की घटनाएं हर दिन बढ़ रही हैं। पुलिस भले ही सफलता का दावा करे, लेकिन आम जनता का भरोसा टूट रहा है। बार-बार जेल जाकर भी अपराधी सुधरते नहीं, उल्टे और ज्यादा खतरनाक होकर लौटते हैं।






हरिद्वार में हालात यह हैं कि अपराधी बेखौफ हैं और आम आदमी असुरक्षित। अगर समय रहते पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो धार्मिक नगरी अपराधियों का अड्डा बनकर रह जाएगी।

# घर में घुसे विशालकाय मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बरसात के बाद जंगली जानवरों और जलीय जीवों के आबादी क्षेत्र में आने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लक्सर क्षेत्र के मुंडाखेड़ा कला गांव में मदनपाल के घर में एक मगरमच्छ के घुस आने से दहशत फैल गई। विशालकाय मगरमच्छ गांव में आने की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलने पर रेंजर शैलेंद्र सिंह नेगी के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मगरमच्छ को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक वास स्थल पर छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दिनों में आसपास के जलाशयों और नालों से मगरमच्छ व अन्य जंगली जीव अक्सर गांव की तरफ आ जाते हैं। जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है। रेंजर शैलेन्द्र सिंह नेगी ने बताया कि बरसात के मौसम में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ और अन्य जलीय जीव गांवों की ओर भटक आते हैं। ग्रामीणों को घबराने की जरूरत नहीं है। यदि कहीं भी इस तरह की स्थिति बने तो तुरंत विभाग को सूचना दें। वन विभाग की टीमें पूरी तरह सतर्क हैं और ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई की जा रही है। जीवों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा रहा है।



# सलेमपुर के स्कूलों में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर, सुमन नगर, सलेमपुर हाईवे सहित विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राव फरमान अली ने शिक्षकों और सम्मानित ग्रामीणों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गूंज उठा और सभी ने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राव आफाक अली ने कहा कि 15 अगस्त का दिन हमारे लिए राष्ट्रीय पर्व है, जिस दिन हमें अंग्रेजों के क्रूर शासन से आजादी मिली। यह दिन स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों को याद करने का है। वरिष्ठ अधिवक्ता राव फरमान अली ने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों ने दिलाई है, अब जिम्मेदारी हमारी है कि भारत को सुरक्षित, शिक्षित, सुंदर और मजबूत बनाएं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राव काशिफ ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 देश के लाखों लोगों की कुर्बानियों की याद दिलाता है। यह दिन उन शहीदों को नमन और श्रद्धांजलि देने का दिन है। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मुस्तफा ने भी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नसीम सलमानी, राव आशिफ, वरिष्ठ पत्रकार नसीब आलम, आबाद अल्वी, दिलसाद मलिक, राव सफररत समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे और सभी ने मिलकर देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।



# एकक्ड रो नदी पर बना रपटा पानी के तेज बहाव में टूटा

## कई गांव का सम्पर्क बहादराबाद से कट गया, जलभराव होने से लोगों के घरों में घुसा बारिश का पानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र में बारिश के चलते राहत के साथ आफत भी आई। रविवार को हुई बारिश से जगह जगह जलभराव की स्थिति हो गई वही, एकक्ड रो नदी पर बना रपटा बरसात के साथ आया तेज पानी के बहाव में टूट गया। रपटा टूटने से कई गांव का सम्पर्क बहादराबाद से कट गया। कई गांव में जलभरव होने से लोगों के घरों में पानी घुस गया। रविवार को तेज बारिश अपने साथ बहुत से आफत लेकर आई। घिससुपुरा में जलभराव होने से कई घरों में पानी घुस गया। ग्रामीणों ने सड़क तोड़कर पानी के बहाव को दूसरी तरफ मोड़ा उसके बाद ग्रामीणों को जलभराव से राहत मिली। एकक्ड कला स्थित पथरी से बहादराबाद जाने वाले मार्ग रो नदी पर बना रपटा पानी के तेज बहाव में टूटकर बह गया। वही, अन्य दो रस्तों पर बने रेलवे अंडरपास में भारी पानी भर गया है। रपटा टूटने व अंडपास में जलभराव होने से गांव सुगरसा, पथरी, अम्बुवाला, झाबरी, धनपुरा, फेरुपुर, टिहरी विस्थापित, घोसीपुरा सहित अन्य गांव का सम्पर्क बहदराबाद व एकक्ड कला से कट गया। लोगो को बहादराबाद व एकक्ड कला जाने के लिये अब ज्वालापुर सराय से होकर जाना पड़ेगा। किसानों को अपने खेतों में आने के लिये दस किमी घूमकर जाना पड़ेगा। इसके अलावा लक्सर हरिद्वार मार्ग स्थित फेरुपुर में भारी जलभराव के चलते सड़क पर पानी भर गया और कई लोगो के घरों में प्रवेश कर गया। सड़क में गढ्ढे होने से कई बाइक सवार पानी मे गिर गए गनीमत रही कोई हादसा नही हुआ। पथरी से सुभाषगढ़ में लगभग पिछले छह माह से सड़क का कार्ये नही हुआ है सड़क पर पानी बहता रहता है। सड़क किनारे नाला निर्माण भी नही हुआ है। ग्रामीण कई बार सम्बंधित विभाग से सड़क व नाले को बनवाने की गुहार लगा चुके है इसके बावजूद सड़क का बनाने का कार्ये नही हो सका है। सड़क के गढ्ढो में जलभराव के कारण लोगो को परेशानी हुई। इसके अलावा पदार्था, रानीमाजरा, घिससुपुरा में भी पानी की निकासी ठीक नही होने के चलते गलियों में जगह जगह जलभराव हुआ है।



**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र सलमान व पुत्रवधु रानी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। जिन्दा हसन पुत्र मौ. इस्माईल, निवासी मौहल्ला मिरदगान, मंगलौर, थाना मंगलौर, हद्विार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# कान्हा के उद्घोषों से गूंज उठा पछवादून क्षेत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** श्री सनातन धर्म सभा, विकासनगर के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत रविवार को नगर में श्री ठाकुरजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। यात्रा सनातन धर्म मंदिर से शुरू हुई। यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के साथ राम, शिव आदि देवी देवताओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। कान्हा को झूला झूलाने के लिए लोग आतुर दिखे। बैंडों की धुनों पर लोग जमकर थिरके। प्रातः से ही मंदिर में हवन-यज्ञ अनुष्ठान किया गया। 2 बजे मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण हुआ। दिन में श्री ठाकुरजी को पालकी में विराजमान किया गया। यात्रा 28 फिट रोड, एक्सचेंज रोड, लक्ष्मण पुर चौक, पेट्रोल पम्प, सिनेमा गली, चौक बाजार, गीता भवन, मंडी चौक होते हुए सनातन धर्म मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुई। वहाँ से रात्रि 10 बजे वापिस श्री सनातन धर्म मंदिर में पहुँची। अनेकों बैंड भजनों की धुनों पर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर रहे थे।



■ श्री कृष्ण की निकाली सवारी श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़,कृष्ण के साथ राम, शिव, देवी देवताओं की झांकी आकर्षण का रही केंद्र,कान्हा को झूलाने के लिए लोग दिखे आतुर,बैंडों की धुनों पर जमकर थिरके लोग

जगह-जगह लोगों ने यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। पालकी के आगे श्रद्धालु भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे शोभायात्रा का गीता भवन समिति, जैन समाज, रोटरी क्लब, व्यापारी वर्ग सहित अनेकों संगठनों और विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री नवप्रभात, गीता भवन समिति, श्री दि. जैन समाज, विभिन्न संस्थाओं, नगरपालिका परिषद सहित अनेकों भक्तों ने जगह-जगह स्वागत किया। नगरपालिका विकासनगर के कर्मचारियों ने श्रद्धालुओं को मिष्ठान वितरण किया। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे।

# लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर, आपदा प्रबंधन की टीम सतर्क

■ नाला उफान पर आने से राहगीरों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** प्रदेश में बरसात का दौर लगातार जारी है, जिसको लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया हुआ है। खासकर नदि नालों के उफान के चलते मौसम विभाग ने बाढ़ की आशंका जताई हुई है। जिसको लेकर विकासनगर में भी आपदा प्रबंधन की टीमें सतर्क हैं, जिसके चलते नदी किनारे रहने वाले लोगों को एलाउंसमेंट के जरिए सतर्क किया जा रहा है। बता दें कि विकासनगर के आसपास की यमुना, टौंस, आसन सहित नदी नाले उफान पर रहते हैं। जिस वजह से इन नदियों के सैलाब से कृषि भूमियों और पास की बस्तियों को खतरा बना रहता है। तो वहीं शिमला बायपास मार्ग पर शीशमबाड़ा गांव के पास रामगढ़ नाला उफान पर आने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देर रात से हो रही बरसात के चलते आज भी यहां यही नजारा देखने को मिला। जहां रामगढ़ खाले में आए सैलाब के चलते राहगीरों को पानी कम होने तक घंटों इंतजार करना पड़ा। जबकि यमुना, टौंस और आसन नदी का जलस्तर भी बढ़ा रहा।



## धूमधाम से मनाया गया घी संक्रांति पर्व

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में लोक पर्व घी संक्रांति रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने कुल देवता को नई फसल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इस पर्व पर घी का सेवन जरूर करना चाहिए। मान्यता अनुसार साल भर कभी भी घी का सेवन नहीं करने वाले लोग भी इस दिन एक चम्मच घी जरूर खाते हैं। प्रमुख तौर पर हरेला पर्व की तर्ज पर यह घी संक्रांति का पर्व भी ऋतु पर आधारित है। एक ओर जहां हरेला बीज बोने व नये पौधे लगाने का प्रतीक है, तो वहीं घी-त्योहार फसलों में बालियां लगने की खुशी का प्रतीक है। घी संक्रांति के दिन इसे खाया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से किसानों ने बोई फसलों के अंकुरित होने पर कुल देवताओं का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, नवविवाहित बेटियों के ससुराली ओग देने पहुंचे।

# पहाड़ की बेटी बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल, हर्बल उत्पादों से लिखी नई कहानी

■ सरकारी योजनाओं का लिया सहारा, 12 से अधिक महिलाओं को दिया रोजगार का अवसर,प्याज के शैंपू से लेकर हर्बल साबुन तक, बाजार में खूब बढ़ी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** "जहां चाह, वहां राह" की कहावत को सच कर दिखाया है टिहरी गढ़वाल की विनीता नौटियाल ने। थौलधार ब्लॉक के ग्राम बंस्यूल निवासी विनीता ने पहाड़ी शैंपू, हल्दी और भीमल से बने साबुन तथा वाशिंग पाउडर तैयार कर न सिर्फ आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनी हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार की रीप योजना के अंतर्गत उन्होंने मंडखाल बाजार में एक रिटेल शॉप शुरू की है। यहां हर्बल प्रोडक्ट्स के साथ-साथ खाद्य पदार्थ भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इस पहल से विनीता नौटियाल आज प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। खास बात यह है कि उन्होंने 12 से 15 ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा है, जो उनके साथ मिलकर शैंपू, साबुन और वाशिंग पाउडर बनाने का काम कर रही हैं।



विनीता ने बताया कि उनके समूह द्वारा बनाया गया प्याज का शैंपू सबसे ज्यादा लोकप्रिय है और बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। बालों को काला और घना बनाने के लिए यह शैंपू बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। उनकी दुकान में प्याज का शैंपू 200 रुपये प्रति बोतल, भीमल का शैंपू 150 रुपये प्रति बोतल, एलोवेरा और हल्दी से बने हर्बल साबुन तथा वाशिंग पाउडर 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध हैं।

विनीता लंबे समय से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई हैं। वर्ष 2023-24 में उन्होंने रीप परियोजना के अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यम शुरू करने के लिए प्रस्ताव दिया था। इसके तहत उन्हें 75 हजार रुपये का विभागीय अंशदान, 1 लाख 25 हजार रुपये का बैंक लोन और 53 हजार 400 रुपये स्वयं का निवेश करना पड़ा। इस तरह कुल 2 लाख 53 हजार 400 रुपये की लागत से उनका प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जिसने अब स्थायी आमदनी का जरिया बनकर उन्हें सशक्त किया है।

जिला परियोजना प्रबंधक रीप, सरिता जोशी ने बताया कि विनीता की दुकान से न सिर्फ दैनिक उपभोग की वस्तुएं बिक रही हैं, बल्कि हर्बल उत्पादों की बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है। इस पहल से उनकी आजीविका सुदृढ़ हुई है और स्थानीय महिलाओं को भी आय के अवसर मिले हैं।

विनीता ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की योजनाओं ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आज वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बना पा रही हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी वह अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार कर और अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेंगी।

## एक नजर .......

### रविवार को पूरे दिन आफत बनकर बरसी मूसलाधार बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** पछुवादून, जौनसार बावर में शनिवार रात से रविवार पूरे दिन हुई मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी। विकासनगर में 47 मिमी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई और गलियों से बाजार तक जलभराव हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर जगह पर पानी जमा हो गया। बारिश के कारण सेलाकुई में एनएच पर जल भराव होने से यातायात प्रभावित हुआ। सेलाकुई के मिलन चौक, जमनपुर रोड, सिडकुल गेट के सामने, एसबीआई के सामने, शिव मंदिर के सामने एनएच तालाब बना नजर आया। जबकि विकासनगर में सिनेमा गली, मुस्लिम बस्ती, मदीना बस्ती, पंजाबी कॉलोनी में जल भराव से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। लगातार हो रही बारिश से यमुना का जल स्तर एक बार फिर तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता को बढ़ाने लगा है। रविवार को जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया

## कालसी में बहुद्देशीय विधिक शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता कालसी।** लगातार बारिश के बीच कालसी में विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल और देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में बहुद्देशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में हुआ, जिसमें न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयां, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु एवं विकलांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। वहीं मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया, साथ ही दिव्यांग और जरूरतमंदों को बैसाखी, व्हीलचेयर और अन्य सामग्री भी वितरित की गई।इस मौके पर विधिक विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालतों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में देहरादून विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और सचिव के साथ-साथ पछवादून बार एसोसिएशन के अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# भरदार जागरूकता मंच करेगा क्षेत्र के विकास को लेकर संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पूर्वी और पश्चिमी भरदार क्षेत्र की 29 ग्राम पंचायतों की मूलभूत समस्याओं के समाधान और समग्र विकास को लेकर "भरदार जागरूकता मंच" की स्थापना की गई है। इस मंच में स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, और युवाओं का समावेश है, जो क्षेत्र की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की वकालत करेंगे।

जिला मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए भरदार जागरूकता मंच के अध्यक्ष एलपी डिमरी ने कहा कि लंबे समय से भरदार क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। "भरदार जागरूकता मंच" इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक सशक्त मंच के रूप में उभरेगा। यह मंच पत्राचार, बैठकों और रचनात्मक संवाद के माध्यम से संबंधित विभागों के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि समस्याओं का निदान हो और दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किए जा सकें। उहोंने कहा कि मंच का उद्देश्य क्षेत्र में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता, प्रत्येक बच्चे के लिए बेहतर और समावेशी शिक्षा, किसानों को आधुनिक तकनीक, संसाधन और बाजार से जोड़ना, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और कौशल विकास के साथ नियमित और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति की गारंटी को लेकर संघर्ष करना है।

# जौनसार बावर में मनाया गया पारंपरिक कोदो की नेठवाण पर्व

■ संक्रांति पर खेतों की गुड़ाई संग गूंजे लो. कगीत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** संक्रांति के अवसर पर जौनसार बावर की धरती पारंपरिक उल्लास से भर उठी। अवसर था किसानों के विशिष्ट पर्व कोदो की नेठवाण का, जिसे क्षेत्र में मंडुवे की गुड़ाई से जुड़ा प्रतीकात्मक त्योहार माना जाता है।



पर्व की खासियत यह है कि यह खेती-किसानी के महत्व और सामूहिक श्रम की भावना को जीवंत करता है। कभी यह जौनसार के हर गांव की पहचान हुआ करता था, लेकिन आज बदलती जीवनशैली और घटती खेती की परंपरा के कारण इसका दायरा सिमट गया है। बावजूद इसके, करीब पचास से अधिक गांवों में आज भी यह पर्व उसी जोश के साथ मनाया जाता है।

स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि पहले के दौर में खेती ही मुख्य आजीविका थी और मंडुवे की फसल सबसे अहम मानी जाती थी। गांव-गांव के लोग आपसी सहयोग से खेतों की गुड़ाई पूरी करते और संक्रांति पर कोदो की नेठवाण का जश्न मनाते थे। खेतों में गुड़ाई के बाद विशेष भोज और गीत-संगीत का आयोजन होता था।

ग्रामीण दिलीप सिंह रावत, सुल्तान सिंह, महेंद्र राणा, गजेंद्र सिंह और दौलत का कहना है कि पहले हर गांव में 'कोदो के गड़ावणे' लगाना एक परंपरा थी, लेकिन अब युवा पीढ़ी मंडुवे जैसी पारंपरिक फसल की जगह नगदी फसलों को प्राथमिकता देने लगी है। उनका मानना है कि मेहनत और समय अधिक लगने के कारण मंडुवे की खेती से रुचि कम होती जा रही है।

फिर भी जौनसार बावर की पहचान उसके ऐसे ही सांस्कृतिक पर्व हैं, जिनमें खेत-खलिहान, लोकगीत, खान-पान और अनूठे रीति-रिवाज समाए हैं। यही परंपराएं इस क्षेत्र को बाकी दुनिया से अलग पहचान दिलाती हैं।

# संभाली उपाध्यक्ष की कमान, कांग्रेस ने चुनाव में जीत को बताया जनसमर्थन का परिणाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला पंचायत टिहरी गढ़वाल के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला का स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता, अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस बलों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो पाए।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मीडिया की भी सराहना की, जिन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया और चुनाव से जुड़ी खबरों को निष्पक्ष रूप से प्रसारित किया।

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला ने प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और जिला पंचायत सदस्यों के सहयोग से वह इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने करन माहरा, हरीश रावत, यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल सहित अपने जिले के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। रौतेला ने विशेष रूप से अपने क्षेत्र कफलांग के मतदाताओं और जिला पंचायत सदस्यों का धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें उपाध्यक्ष पद पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा सभी के सहयोग से जिले को विकास की नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।



प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर कड़े आरोप लगाए। प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट और महासचिव विजय गुनसोला ने कहा कि "एक राष्ट्र एक चुनाव" का नारा देने वाली भाजपा उत्तराखंड में पंचायत चुनाव समय पर कराने में नाकाम रही। नौ माह की देरी से हुए इन चुनावों में भाजपा ने लोकतंत्र को आघात पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान गोलीबारी, धांधली और जबरदस्ती जैसी घटनाएं हुईं, जिससे लोकतंत्र शर्मसार हुआ। साथ ही भाजपा पर मतगणना और पद आरक्षण तक में गड़बड़ी करने के आरोप लगाए गए।

नेताओं ने यह भी कहा कि नैनीताल में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कर भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तानाशाही रवैया नहीं छोड़ा तो जनता हर गली और गांव से इंकलाब का नारा बुलंद करेगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ज्योति प्रसाद भट्ट और आनंद सिंह बेलवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार तानाशाही में बदल चुकी है और जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राणा, उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, प्रदेश महासचिव विजय गुनसोला, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिंह बेलवाल, महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव दर्शनी रावत, देवेंद्र नौडियाल, कुलदीप सिंह पवार, खुशीलाल, जय सिंह रावत, घनश्याम सिंह पवार, संतोष कुमार, वीरेंद्र दत्त, मनीष पंत, हिमांशु रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोपेश्वर में गूंजे महायोगी श्रीअरविन्द के जीवन दर्शन के मनस्वी मंत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में शुक्रवार को महर्षि श्रीअरविन्द के जीवन और विरासत पर प्रेरक मंथन हुआ। महाविद्यालय के अँग्रेजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में अलग अलग वक्ताओं ने श्री अरविन्द के जीवन, कर्म और संदेश की मीमांसा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि महर्षि अरविंद पूर्ण स्वराज की खुली उद्घोषणा करने वाले पहले भारतीय थे। वे महान क्रांतिकारी, दार्शनिक, कवि और योगी के साथ साथ आध्यात्मिक गुरु भी थे जिनका प्रभाव नए भारत की रचना में धीरे धीरे परिलक्षित हो रहा है।

आमंत्रित वक्ता डॉ मनीष मिश्रा ने कहा कि श्री अरविन्द के लिए राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह आंतरिक मुक्ति से जुड़ी हो। डॉ सौरभ कुमार ने आधुनिक विश्व में मानव एकता की दृष्टि तथा अरविन्द के विचारों को सामूहिक विकास और संस्कृतियों के बीच सामंजस्य हेतु प्रासंगिक बताया। डॉ डी.एस. कंडारी ने श्रीअरविन्द के काव्य में राष्ट्र और मान्यता की चेतना विषय पर उनके काव्य में आध्यात्मिकता, राष्ट्रप्रेम और मान्यता के संगम को रेखांकित किया।

# बारिश के चलते ग्रामीण मार्गों पर मलबा आने का सिलसिला जारी

■ पेड़ गिरने व सड़कें धसने से यातायात करने वालों के ऊपर मंडराया खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** लगातार बारिश के चलते ग्रामीण मार्गों पर मलबा आने का सिलसिला जारी है। जिससे बरसात में ग्रामीण मार्गों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। सडक पर कभी बड़े बड़े पेड़ गिर रहे है तो कभी बड़े बड़े पत्थर जिससे यातायात करने वालों को खतरा बना हुआ है।

क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण सफर मुश्किल बना हुआ है।



वहीं ग्रामीण किसान इन दिनों नगदी फसलों हरा धनिया, हरी मिर्च, बीन्स, मूली आदि फसलों को समय से मंडियों तक नहीं पहुँचा पा रहे है।क्षेत्र के अलसी सकनी मोटर मार्ग के किलोमीटर 7 में बारिश के चलते भूस्खलन होने से सड़क धँस गई है जिससे यहां पर खतरा बना हुआ है। सड़क के नीचे हुए भूस्खलन में एक बड़ा पेड़ भी धँस गया है जो कभी भी नीचे सड़क पर गिर सकता है।

बता दें कि इस सड़क का कुछ दिन पहले ही डामरीकरण हुआ है। ग्रामीणों हुकम सिंह, अमन विष्ट, मातबर सिंह, सुरेंद्र पंवार, राजेन्द्र सिंह, आशीष पंवार आदि का कहना है कि विभाग द्वारा आवश्य जगहों पर सुरक्षा दिवारें नहीं लगाई गई है जिससे जगह जगह भूस्खलन हो रहा है बता दें कि इससे कुछ दिन पूर्व पंजीया बनसार मोटर मार्ग भी भारी भूस्खलन होने के कारण मार्ग संकरा हो चुका है जहां विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था कर मार्ग सुचारू किया था।

## खतरा बने पेड़ों को काटकर हटाया

**अल्मोड़ा।** सीएमओ कार्यालय पांडेखोला के समीप सड़क से ऊपर दो सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को दावत दे रहे थे। मानसून सीजन में खतरा और बढ़ गया था। स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद रविवार को फायर सर्विस टीम मौके पर पहुंची। लोगों के लिए खतरा बने दोनों सूखे पेड़ों को वुडन कटर की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर हटाया गया। पार्षद अमित साह मोनू ने बताया कि सड़क से ऊपर सूखे पेड़ दुर्घटनाओं का सबब बने हुए थे। मामले को लेकर जिलाधिकारी और नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया। यहां गिरीश धारियाल, मुकेश सिंह पथनी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, पार्षद ज्योति साह, अभिषेक जोशी व अर्जुन बिष्ट मौजूद रहे।

# गढ़वाल विवि के छात्रों ने विस अध्यक्षा के सम्मुखरखी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के श्रीनगर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। गढ़वाल विश्वविद्यालय छात्रसंघ पदाधिकारियों ने भी विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर प्रवेश से संबंधित समस्याएं उनके समक्ष रखीं।

छात्रसंघ अध्यक्ष जसवंत राणा ने राज्य सरकार विवि को पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। जिससे बिडला-चौरास परिसर में कृषि पाठ्यक्रम संचालित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास भूमि की कमी के कारण स्कूल आफ एग्रीकल्चर के तहत प्रस्तावित कोर्स संचालित करने में दिक्कतें आ रही हैं।

छात्रसंघ उपाध्यक्ष अमन काला ने कहा कि स्नातक पाठ्यक्रमों में सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश होने के कारण पहाड़ के छात्र वंचित रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों के पास कंप्यूटर आधारित परीक्षा की पर्याप्त जानकारी और अनुभव नहीं होता, जिससे वे पिछड़ जाते हैं। उन्होंने स्नातक की जगह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सीयूईटी आधारित प्रवेश व्यवस्था लागू करने की मांग की।इस पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने कहा कि यह सत्य है कि पहाड़ के युवा अन्य राज्यों के छात्रों की तुलना में तकनीकी दृष्टि से कुछ पीछे हैं, लेकिन उच्च शिक्षा में प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को तकनीकी रूप से जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया और आश्वासन दिया कि उनकी मांगें सरकार तक पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर जोशी, आशा उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख देवाल तेजपाल रावत, आशीष पंत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने घर के कमरे में अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और आनन फानन में लोगों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड-2 गांधीनगर लालकुआं निवासी 42 वर्षीय सुधा पत्नी स्व. राजीव यहां अपनी बेटी के साथ रहती थी। बताया जाता है कि बीती रात वह रोजना की तरह खानाकर अपने कमरे में सो गईं। बेटी भी घर में ही सोई थी, लेकिन अगली सुबह बेटी सो कर उठी तो वह सामने मां का शव फंदे से लटक देख चीख पड़ी। घर से बेटी की चीख सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए, और मौके पर पहुंचकर देखा तो शव फंदे से लटका हुआ था। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, और आनन-फानन में महिला को फंदे से नीचे उतार कर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतका सुधा के परिजनों द्वारा बताया कि हंसता-खेलता परिवार था, लेकिन एक साल पहले अचानक बिखर गया। एक साल पहले सुधा के पति व बेटे की मौत हो गई थी। घर में दो-दो मौतों से उसे सदमा लग गया और वह उबर नहीं पाई। जिसके बाद से वह परेशान रहने लगीं। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उन्होंने जान दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# 'वीआईपी को बचाया जा रहा है'

## ज्योति मेर हत्याकांड के खुलासे को लेकर धरना जारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बुद्ध पार्क में ज्योति हत्याकांड को लेकर जनता का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। घटना के 19 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे आक्रोशित जनता और सामाजिक कार्यकर्ता लगातार धरना बुद्धपार्क में जारी रहा। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि जिस तरह से पुलिस इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश कर रही है, उससे साफ हो गया कि कहीं न कहीं कोई वीआईपी चेहरा अपराधियों को संरक्षण दे रहा है।

वक्ताओं ने आशंका जताई कि यह मामला अंकित भंडारी हत्याकांड जैसा दूसरा रूप ले रहा है, जहां रसूखदारों को बचाने के लिए प्रशासन ने आंखें मूंद ली थीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यदि जिले के कप्तान अपराध रोकने में अक्षम हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कहा कि घटना को 19 दिन हो चुके हैं, लेकिन हत्यारे अब तक खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अब केवल न्याय की मांग नहीं, बल्कि सामाजिक जागृति का प्रतीक बन चुका है। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक मुख्य आरा. ेपी गिरफ्त में नहीं आते, आंदोलन किसी भी कीमत पर रोका नहीं जाएगा। धरने में पहाड़ी आर्मी के नगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे, जिला महामंत्री फौजी राजेंद्र कांडपाल, फौजी कमलेश जेठी, राजेंद्र कांडपाल, कविता जीना, हेमा कबड़वाल, आयेंद्र शर्मा, विनोद नेगी, दीप चंद पांडे, कमल पंत, तारादत्त पांडे, सूरज कुमार, बलवत सिंह, धरम राम, कमलेश सिंह, नानक चंद, रवींद्र, दीपक समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## फेरी वाले की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में ई-रिक्शा से फेरी लगाने निकले युवक की जान चली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जवाहरनगर नगला, पंतनगर निवासी 20 वर्षीय सुकुम सिंह पुत्र शंकर सिंह ई-रिक्शा से फेरी लगाकर अपना जीवन यापन करता था। बीते शनिवार को वह रोजना की तरह ई-रिक्शा से लालकुआं की ओर जा रहा था, तभी सुभाषनगर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में सुकुम गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्क्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि मृतक सुकुम अपने चाचा के साथ अक्सर फेरी लगाया करता था और इसी काम से वह रोजाना निकलता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कुमाऊंनी गायिका के पति पर दुष्कर्म का आरोप

## कोर्ट के आदेश पर हुआ मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक जानी-मानी कुमाउंनी लोक गायिका के पति के खिलाफ दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। मामले में पीड़ित महिला ने पहले पुलिस से शिकायत की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली 40 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रितेश जोशी जो एक इवेंट मैनेजर है और एक प्रसिद्ध लोक गायिका का पति है, वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास इलाके में किराए पर रह रहा है। महिला का आरोप है कि वह किसी तरह रितेश के संपर्क में आई। रितेश ने उसे शादी का भरोसा दिलाया और फिर अपने किराए के कमरे में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब महिला ने शादी की बात उठाई, तो आरोपी मुकर गया। महिला ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इधर कोतवाल राज. ेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यूओयू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## राज्य के 13 जनपदों में खुलेंगे उच्च शिक्षा के विशेष केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** राज्य के प्रत्येक जिले में उच्च एवं रोजगार परक शिक्षा के समग्र विकास और प्रचार-प्रसार के लिए विशेष केंद्र खोले जाएंगे, जिनका समन्वय उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय करेगा। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल राज्य के युवाओं को विशेष रूप से बालिक. ाओं, महिलाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने और राज्य की आकांक्षाओं के अनुरूप कौशल विकसित करने के साथ-साथ दूरस्थ इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक शिक्षा पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. लोहनी ने बताया कि यह सुविधा विशेषकर उन लोगों के सपनों को पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित होगी जो अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर या नजदीकी शहरों तक भेज पाने में असमर्थ है। पर्यटन, डिजिटल मार्केटिंग, हिमालयी अध्ययन, एआई, आपदा प्रबंधन, हस्तकला और विरासत अध्ययन संरक्षण जैसे नए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को विक. सित कर, राज्य के मानव संसाधन को कौशलपरक शिक्षा उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय का पहला लक्ष्य है ताकि उत्तराखंड का युवा आज की मांग के अनुसार अपने को तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि यूओयू के माध्यम से उच्च शिक्षा को भारतीय सेना से जोड़ने के लिए इसी माह बंगाल इंजीनियर्स रेजिमेंट में विशेष अध्ययन केंद्र से संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किया जा रहा है। विवि चाहता है कि राज्य व देश के हर वर्ग से जुड़कर हर इच्छुक व्यक्ति तक उच्च शिक्षा व रोजगारपरक परक शिक्षा पहुंचाई जाए, जिसे राज्य सरकार के निर्देशन और सहयोग से पूरा किया जायेगा।

# नंदा अष्टमी मेले की तैयारियां



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** ग्राम सूर्यनगर में रविवार को मां नंदा देवी मंदिर में मेला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ ही आगामी 30 व 31 अगस्त को आयोजित हाने वाले नंदा अष्टमी मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मेले को भव्य एवं उसके सफल संचालन हेतु कार्यकर्ताओं को प्रभार सोंपे गए। बैठक की अध्यक्षता विक्रम सिंह मेहता व संचालक दीपक सिंह मेहता द्वारा किया गया। बैठक में प्रधान पुजारी कुंवर सिंह मेहर, पुरोहित बसंती तिवारी व ग्रामीण भीम सिंह दानू, बलवंत सिंह दानू, पान सिंह रौतेला, दुर्गा सिंह दानू, कुंवर सिंह मेहता, केदार सिंह दानू, बहादुर सिंह (आकाश), दारा सिंह मेहता, विक्रम सिंह मेहता, चंद्र सिंह मेहता, इंद्र सिंह रौतेला, लक्ष्मण सिंह मेहता, चंचल सिंह मेहता, रघुवीर सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# वेद प्रचार कार्यक्रम का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** आर्य समाज हल्द्वानी द्वारा आयोजित वेद प्रचार समारोह का समापन रविवार को प्रात: यज्ञ एवं भजनोपदेशों के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट के प्राचार्य प्रो. विनय विद्यालंकार ने कहा यदि भारत को पुन: विश्वगुरु बनाना है, तो हमें ऋषियों की विचारधारा और भगवान श्रीकृष्ण के गीता संदेश को वैश्विक मंचों तक पहुँचाना होगा। उन्होंने चार वेदों, उपनिषदों, दर्शन शास्त्रों एवं गीता के अमर उपदेशों को मानवता के लिए जीवनदर्शन बताया और कहा कि प्राचीन भारत की विद्या परंपरा, नालन्दा-तक्षशिला जैसे संस्थानों के माध्यम से विश्व को चरित्र निर्माण की शिक्षा देती रही है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित यज्ञ में नगर के दर्जनों दंपतियों ने यजमान के रूप में भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में प्रो. विद्यालंकार ने वैदिक विधियों से यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ के उपरांत बिजनोर से पधारे आचार्य मोहित शास्त्री द्वारा प्रस्तुत भजनोपदेशों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान डा. विनय खुल्लर, ममता खुल्लर, अविनाश सेठी, उपमा सेठी, अनुजकान्त खंडेलवाल, चंद्रा खंडेलवाल, डा. अतुल राजपाल, डा. गुंजन राजपाल, विशाल सिंघल, गरिमा सिंघल, रणजीत यादव, अनुराधा यादव, हरीशचंद्र पंत, सावित्री पंत, एसपी अरोड़ा, नरेन्द्र साहनी, अमित भारद्वाज, इन्द्रमोहन, सोबरन शर्मा, पीएल आर्य, हरिप्रसाद आर्य, मनजीत वालिया, संगीता चड्डा, सरिता ग्रोवर, राज. कुमार राजोरिया, विनोद आर्य, संतोष भट्ट, कृष्णकांत, उमेश तिवारी, ललित जोशी, कमलेश भारद्वाज, श्रीकांत खंडेलवाल, दुर्गादत्त त्रिपाठी, अरविंद कुशवाह, सुनील विनायक रहे।

# रामलीला को लेकर बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** रामलीला की तैयारियों को लेकर रविवार को शांतिपुरी के मां मनसा देवी मंदिर परिसर में चार ग्राम सभाओं की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सर्व सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन कर नारायण सिंह बिष्ट अध्यक्ष, चंदन



सिंह बिष्ट व बाले सिंह को. रंगा उपाध्यक्ष, खीमानंद त्रिपाठी सचिव सुभाष जोशी उपसचिव व भुवन चंद्र बुधानी कोषाध्यक्ष तथा ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता शेखर त्रिपाठी संरक्षक चुने गए। बैठक में माह सितम्बर में होने वाली रामलीला मंचन को स्फल बनाने हेतु सब कमेटियों का गठन करने के साथ ही तुरंत प्रभाव से कलाकारों का चयन एवं प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। जो आगामी सितम्बर माह में रामलीला मंचन आरंभ होने तक जारी रहेगा। बैठक में कमेटी के प्रधान कविता तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोबिन्द सिंह रौतेला, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी, भूपाल सिंह दानू,भोला दत्त पाण्डे, जगत सिंह पाल, बहादुर सिंह कोरंगा, पूर्व प्रधान दीपा काण्डपाल, इन्दर सिंह दफौटी, बिशन सिंह कोरंगा, अधिवक्ता आरपी शर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नोशनल इंक्रीमेंटः 20 से मौन उपवास



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति की संघ भवन में हुई बैठक में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को केंद्र सरकार की तर्ज पर जनवरी 2006 से नोशनल इंक्रीमेंट देने की मांग दोहराई गई। बैठक में सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे द्वारा 20 अगस्त से बुद्ध पार्क में 48 घंटे के मौन उपवास के निर्णय को समिति का पूर्ण समर्थन मिला। समिति के मुख्य संयोजक नवीन काण्डपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नोशनल इंक्रीमेंट, राशिकरण की वसूली की अवधि 10 साल 8 माह किए जाने और वरिष्ठ पेंशनरों को 65, 70, 75 एवं 80 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5, 10, 15 और 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि जैसे तीन प्रमुख मुद्दों पर हो रही देरी पर नाराजगी जताई गई। बैठक में बताया गया कि समिति के प्रांतीय संयोजक सुमन सिंह वाल्दिया ने इस विषय में मुख्य सचिव से वार्ता के लिए पत्र भी भेजा है। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार संवाद नहीं करती, तो मौन उपवास आंदोलन की जिम्मेदारी शासन की होगी। 20 अगस्त को बुद्ध पार्क में मौन उपवास के समर्थन में धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है और पेंशनर समुदाय से व्यापक भागीदारी की अपील की गई है। इस मौके पर सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजी. नियर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीसी जोशी' को समिति का संरक्षक नामित किया गया। बैठक को पीसी जोशी, रमेश चन्द्र पाण्डे, लीलाधर पाण्डे, विजय तिवारी, यतीश पन्त, जेसी पन्तोला, भुवन पाण्डे, लक्ष्मण सिंह गौनियां, राजेन्द्र बोरा, यूसी दुर्गापाल, बीसी जोशी, गिरीश जोशी, बीसी पन्त ने संबोधित किया।

## बालिकाओं की मटकी फोड़ का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मां नंदा सर्वदलीय महिला समिति की ओर से रविवार को नगर में भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकाला गया। नगर के सिद्धबाबा नौला, पटलन बाजार से शुरू होकर सांस्कृतिक जुलूस नंदादेवी मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेषभूषा में सज धज जमकर नृत्य और जयकारे लगाये। वहीं, नंदादेवी में बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर शाम मटकी गोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अव्वल बच्चों को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। यहां समिति की अध्यक्ष मीना भैसोड़ा, सचिव गीता मेहरा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# मारपीट में आरोपी को एक साल कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता



**अल्मोड़ा।** मारपीट के एक मामले में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन भिकियासैंण की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि अगस्त 2024 में पीड़ित हरीश चंद्र जोशी, निवासी तामाढौन स्याल्दे ने शिकायत दर्ज कराई थी। कहा कि उसके पड़ोसी मनमोहन सिंह बीते तीन-चार साल से शराब के नशे में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते आ रहा था। 18 अगस्त रात नौ बजे आरोपी घर में घुस आया। पत्नी के साथ अभ्रदता की और पत्थरों से हमला कर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने जमकर हंगामा काटा। आरोपी से जान का खतरा बताते हुए पीड़ित ने देघाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में विवेचना अधिकारी की ओर से विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरा. ेपी को एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# सड़क के लिए विधायक से गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** नंधौर नदी में बाढ़ सुरक्षा के स्थाई कराए जाने की मांग को लेकर रविवार को देववाणी परोपकार मिशन ने क्षेत्र प्रतिनिधियों के साथ लाल. कुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट से मुलाकात कर दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

देववाणी परोपकार मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि लखनमंडी ग्राम सभा के जोगनाली चौराहे से देवी मंदिर तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी अब तक अधूरी है। इस मार्ग पर लगभग 250 परिवार निवास करते हैं, जो नंदौर वाइल्डलाइफ सेंचुरी के किनारे होने के कारण अक्सर जंगली जानवरों के खतरे और बरसात में कीचड़-पानी से जूझते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने लोक टाइल, सीसी या डामर रोड बनाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा चोरग. लिया की दुबेलबैड़ा नदी के भू-कटाव को लेकर थी। स्थानीय जनता ने नदी के किनारों पर हो रहे निरंतर कटाव को लेकर चिंता जताई और इसके स्थाई समाधान की मांग की। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य मनमोहन गडकोटी, ग्रामप्रधान ज्योति चौसली, प्रधान प्रतिनिधि दीपक चौसली, भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, भाजपा नेता आनंद शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता महेश जोशी, बच्ची सिंह, नरेंद्र उमा मेहता, लता देवी, हरीश राम, आनंद तिवारी, मोहन चंद्र जोशी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोरापड़ाव से किशोरी लापता

हल्द्वानी। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मूलरूप से संदरपूर पीलीभीत निवासी पंचम लाल वर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में परिवार के साथ धौलाखेड़ा गोरापड़ाव में किराए पर रहते हैं। पेशे से मजदूर पंचन ने बताया कि बीती 16 अगस्त को उनकी 13 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उन्होंने तलाश की काफी कोशिश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# कालाढूंगी भाजपा का मज़बूत किलाः भगत

## नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों का विधायक ने किया स्वागत



**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास में रविवार को हल्द्वानी ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल और भीमताल ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट समेत ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर विजयी हुए जनप्रति. निधियों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक भगत ने कालाढूंगी विधानसभा को भाजपा का मजबूत किला बताते हुए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

हल्द्वानी और कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की शानदार जीत ने क्षेत्र में पार्टी की मजबूत पकड़ को एक बार फिर साबित किया है। विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में तीनों ब्लॉक प्रमुखों का माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्याशियों की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। विधायक भगत ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र भाजपा का मजबूत किला है। यहाँ के कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का अटूट समर्थन ही हमारी ताकत है। समारोह में मौजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में भाजपा का एक अभेद्य किला है। इस अवसर पर सुमित्रा प्रसाद, ज्येष्ठ प्रमुख वीरेंद्र सिंह मेहरा, विकास भगत, कंचन उप्रेती, दीपू नेगी, संदीप सनवाल, विक्रम जंतवाल, कमल नयन जोशी, भुवन, प्रताप बोरा, प्रकाश पटवाल, सुरेश गौड़, प्रमोद तोलिया, दिनेश, गणेश शाह, विनोद निगल्टिया, ललित, महेश शर्मा, कमल पांडे, प्रमोद, मनोज, योगेश तिवारी समेत ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद तौफिक- MOHAMMAD TOUFIK (पुराना नाम) से बदलकर मु. तौफिक - MOHD TAUFEEQ (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे मु. तौफिक पुत्र अब्दुल हफीज के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता:** मोहम्मद तौफीक पुत्र अब्दुल हफीज, पता: 123/1, झबरावाला, डोईवाला, बुल्लावाला, पोस्ट- बुल्लावाला, जनपद- देहरादून, उत्तराखण्ड -पिन कोड- 248140

# हल्द्वानी के रजत कुमार सती फाइनल में

## कुमाऊं स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में अंकुर शर्मा को दी शिकस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** ऑप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपड़ाव में चल रही कुमांऊ स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता रविवार को भी जारी रही। सिंगल्स इवेंट के अंडर-45 केटेगरी में रजत कुमार सती हल्द्वानी ने अंकुर शर्मा चूनाखान को कड़े संघर्ष में 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में मानस तिवारी ने रवि तेजा को 6-2 से परा. जित कर फाइनल में जगह बनायीं। 45+ आयु वर्ग में अमर जगाती नैनीताल ने मोहित सिंह राठौर रामनगर को 6-3 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वही 55+ आयु वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेश्वर सिंह नैनीताल ने देवेन्द्र सिंह रावत रानीखेत को 6-3 से और दूसरे सेमीफाइनल में हरीश प्रसाद हल्द्वानी ने राजेंद्र सिंह मेहता रानीखेत को 7-5 से पराजित कर फाइनल में दस्तक दी। टीम चैम्पियनशिप डबल्स इवेंट के फाइनल मैच में नैनीताल येलो ने रामनगर की टीम को 2-1 से पराजित कर ट्राफी और टीम चैम्पियनशिप अपने नाम की। दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष यूटीए सुमित गोयल का स्वागत कार्यवाहक अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, सचिव हेम कुमार पांडेय, उपसचिव अमर जगाती, सीएफओ रजत कुमार सती ने संयुक्त रूप से सम्मान पट्टिका भेंट कर किया। पुरस्कार वितरण समारोह के क्रम में नैनीताल जनपद के वयोवृद्ध टेनिस खिलाड़ी जीएल साह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, अमर जगाती नैनीताल को टेनिस ऑफ द ईयर 2024-25 और मानस तिवारी को बेस्ट इम्प्रूव्ड प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिला टेनिस एसोसिएशन के सचिव हेम कुमार पांडेय ने बताया कि इस दो दिवसीय टेनिस प्रतियोगिता में कई नए टेनिस खिलाड़ी उभर के आए हैं। यह स्थानीय क्षेत्र में टेनिस खेल के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने आप्टिमम टेनिस एकेडमी के निदेशक डीएस रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता ललित बेलवाल, हिमांशु तिवारी, विवेक अग्रवाल, अक्षय बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट का सहयोग के लिए आभार जताया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**

मुख्यालय : "उज्जवल" महारानीबाग, जी एम एस रोड, देहरादून 248006 दूरभाष 0135-2763808, फैक्स. - 135-2763508 सी०आई०एन० सं० U40101UR2001SGCO25866

वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं. 564 दिनांक : 17.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यां०), आसन बैराज, जलशक्ति भवन, ढकरानी, देहरादून, इच्छुक निविदादाताओं से आनलाईन निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

**निविदा सं0:** 01/ अभि0अभि0 (वि० एव यां०)/ आसन बैराज/ (2025-26)

**कार्य का नाम :** आसन बैराज पर एक वर्ष की अवधि हेतु हाइड्रो मैकेनिकल उपकरण के वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध के कार्य।

**अनुमानित लागत :** रू0 19,12,840/ - मात्र (जी०एस०टी० अतिरिक्त)

**वैबसाईट पर निविदा की उपलब्धता:** दिनांक 17.08.2025

**वैबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 30.08.2025 को 13:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (वि० एवं यां०)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**सार्वजनिक सूचना**

कार्यालय-नगर निगम, देहरादून में सम्पत्ति संख्या-298/273 डॉ0 अम्बेडकर मार्ग (डी0एल0 रोड) देहरादून से सम्बन्धित नामांतरण हेतु एक वाद जो श्री रवि अरोड़ा आदि बनाम श्रीमती नीलम सक्सैना आदि विचाराधीन है, जिसका आवेदन संख्या-MU-20240618154613687 है, में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त नामांतरण में आपत्ति है तो वह दिनांक 25.08.2025 तक कार्यालय-नगर निगम, देहरादून में अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित दर्ज करा सकते हैं, निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि निर्धारित तिथि के अन्तर्गत किसी की आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि उक्त व्यक्तियों के नामांतरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है, और उक्त व्यक्तियों का नगर निगम में नामांतरण कर दिया जायेगा।

**उप नगर आयुक्त नगर निगम**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आयुष्मान इंप्लीमेंट के नाम पर डॉक्टर से पांच लाख की धोखाधड़ी

❖हरियाणा निवासी एक व्यक्ति ने डाक्टर सर्वेश दुबे को बनाया ठगी का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** डॉक्टर से एक व्यक्ति ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गंगनहर कोतवाली को डॉक्टर सर्वेश दुबे निवासी रामनगर ने तहरीर देकर बताया कि काफी समय पूर्व पवन सैनी निवासी भारत नगर पानीपत हरियाणा ने फोन नंबर से संपर्क किया था। जिसके बाद पवन सैनी ने एनएबीएच एवं आयुष्मान इंप्लीमेंट कराने के बाद कही थी। जिसके बाद पवन सैनी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ अस्पताल आया था। अज्ञात को एसएसए कर्मचारी बताया गया था। इस बीच कुछ काम के लिए पांच लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि कुछ टाइम बाद पवन सैनी ने और पैसों की भी मांग करनी शुरू कर दी थी। विरोध करने पर 9 अप्रैल 2025 को जान से मारने की धमकी मिली। जबकि एक फर्जी दस्तावेज भी संस्था के नाम पर अपलोड किया गया। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने पवन सैनी समेत एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने मंगलौर कोतवाली क्षेत्र की दो महिलाओं सहित चार लोगों पर अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बा चौकी क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को एक युवक अक्सर कॉलेज जाते समय तंग परेशान करता है। पिडित पिता का कहना है कि लोक लाज के कारण उसने आज तक पुलिस से शिकायत नहीं की थी। आरोप है कि 13 अगस्त की रात बिझौली निवासी युवक उसकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री को बहलाने फुसलाने में युवक की गांव के ही तीन अन्य लोगों ने मदद की है। जिनमें दो महिलाएं भी हैं। पिडित पिता का कहना है कि उसकी पुत्री घर में रखा गले का सोने का हार 1 लाख सत्तर हजार रुपए भी उठाकर ले गई है। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि मुसाहिब पुत्र आसफ मुबारिक पुत्र असगर आदि लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कलियर क्षेत्र में जोश खरोश से मनाया आजाद का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देहात क्षेत्र के स्कुलो और मदरसों में ध्वजारोहण किया गया। और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष समीना इमलीखेड़ा नगर पंचायत में अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने हज हाउस में ईओ मोहम्मद आरिफ ने कलियर थाने में एसओ रविंद्र कुमार,जीवन ज्योति इंटर कॉलेज में प्रबंधक अंकित शर्मा प्रधानाचार्य रुचि शर्मा,शेफील्ड स्कूल में स्कूल के चेयरमैन राहुल विश्नोई, निदेशक टीके शर्मा प्रधानचार्य रुचि रावत ,जनता इंटर कॉलेज माजरी गुम्मावाला में प्रबंधक राजबाला सैनी, सन राईज पब्लिक स्कूल में



प्रबंधक मुंतजिर और शफक्कत अली, स्काईलाईन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक आस मोहम्मद त्यागी मदरसा जामिया शमसुल उलूम में अकरम प्रधान ने ,बेबी एँजिल स्टार स्कूल में प्रबंधक गुलनाज ,एमजीएफएम इंटर कोलेज ,अलमदिना एकेडमी आदि क्षेत्र के स्कूलों व दीनी इस्लामी मदरसों में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान देश की एकता ,अखंडता,आपस में भाईचारा कायम करने पर जोर दिया। स्कूलो में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# महिला की तहरीर पर किशोरी से दुराचार का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बा क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने उसकी 17 वर्षीय पुत्री को घर पर अकेली देख उसके साथ दुराचार किया है। आरोप है कि युवक ने किशोरी को उसके खिलाफ कार्रवाई करने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अगस्त की सुबह वह अपनी 17 वर्षीय पुत्री को घर पर छोड़कर लंढौरा अपनी बहन से मिलने आई थी। महिला का कहना है कि करीब 11 बजे थिथौला निवासी युवक घर आया। आरोप है कि युवक ने किशोरी को घर अकेला देख जबरदस्ती दुराचार किया। आरोप यह भी है कि जाते हुए आरोपी युवक ने पीड़ित किशोरी को जुबान बंद रखने की धमकी देते हुए किसी को बताने या पुलिस कार्रवाई करने पर किशोरी को उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी है। महिला का कहना है कि जब वह घर पर पहुंची तो उसकी पुत्री बदहवाश हालत में मिली। बाद में पीड़ित किशोरी ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार का कहना है कि पिडित महिला की तहरीर के आधार पर शोएब पुत्र शकील निवासी थिथौला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। उन्होंने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की बात कही

# स्वतंत्रता दिवस पर एपीएस–1 में निकाली तिरंगा रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 में भव्य तिरंगा रैली के साथ 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु डोगरा जी ने विद्यालय प्रांगण मे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया । आर्मी पब्लिक स्कूल न 01 के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के लगभग 1300 छात्र छात्राएं रुड़की कैंट शगजनीश द्वार पर एकत्रित हुए जहां से यह भव्य काफिला तिरंगा रैली के रूप में आगे बढ़ा। हाथों में तिरंगा, दिल में उमंग लिए कदम से कदम




मिलाते वातावरण को देशभक्ति नारों से गुंजायमान करते रुडकी कैंट में स्थित हाजीपीर आडीटोरियम के समीप एकत्रित हुए। यही पर ए0 पी0 एस0 न0 2 के छात्र छात्राओं ने भी अपनी उपस्थिति से सहभागिता दी। निश्चित समय पर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर के0 पी0 सिंह, कमांडेंट बी0ई0जी0 एंड सेंटर रुड़की द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। विशाल समूह के द्वारा राष्ट्रीय गान का आयोजन वातावरण को अत्यधिक प्रफुल्लित बना रहा था तथा 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा', श्आजादी का दिवस मनाएंगे, दिल से तिरंगा लहराएंगे।श श जन गण मन का नारा है भारत देश हमारा है।श श सबसे प्यारा देश हमारा, झण्डा ऊंचा रहे हमारा।श जैसे देश भक्ति पूर्ण नारे वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे थे। इसी कार्यक्रम में ए0 पी0 एस0 नंबर वन के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् समूह गीत तथा प्राइमरी के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया ए0 पी0 एस0 नंबर 2 के छात्रों द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न प्रांतो की संस्कृतियों की मनमोहक छटा समेटे हुए सामूहिक नृत्य तथा योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया जो अत्यंत प्रशंसनीय रहा तदोपरांत विशिष्ट अतिथि महोदया श्रीमती निधि सिंह जी ने एपीएस नंबर एक तथा एपीएस नंबर दो के कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले छात्रों को उपहार भेंट के साथ उन्हें शुभाशीष देते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय, विशिष्ट अथिति महोदया, अनेक सैन्य आफिसर, ए0 पी0 एस0 नंबर एक तथा दो के प्रधानाचार्य समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में जोश खरोश से मनाया आजादी का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय के पावन प्रांगण में आजादी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने जन जन में शांति सद्भाव का संदेश देते हुए प्रभात फेरी निकाली। इसके पश्चात महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर स्विप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें साक्षी ने पहलाए प्राची ने दूसरा और अनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चकराता के डॉक्टर मंजू अग्रवाल और डॉक्टर प्रवेश त्रिपाठी आजादी



का पावन पर्व मनाने हेतु उपस्थित हुए। छात्र.छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कविता पाठए भाषण एवं देश भक्ति के गीतों ने चार चांद लगाए। अवसर पर संरक्षिका एवं प्राचार्या द्वारा छात्र छात्राओं को अपने जीवन जीने की कला में सुधार लाने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर तीर्थ प्रकाश, डॉक्टर अनुराग, डॉक्टर राम भरोसे, डॉक्टर कालिका काले, डॉ रचना, श्रीमती शर्मिष्ठा, श्रीमती गीता जोशी, निजेश कुमारी, फैजान, सूर्य, जगपाल आदि उपस्थित थे।

# बारिश से मकान की छत गिरी, गाय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लगातार हुई बारिश के कारण शेखपुरी में एक मकान की छत गिर गई। जिसमें दबने से एक गाय की मौत हो गई। गाय दुधारू थी और पीड़ित के परिवार का दूध बिक्री से आर्थिक गुजारा चलता था। गाय की मौत से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार शेखपुरी में मोहित कुमार पुत्र स्वर्गीय रतन सिंह का घर है जिसके एक कमरे में वह अपनी गाय और उसकी बछिया को बांधते थे बताया गया है आज सुबह तेज बारिश के दौरान उस कमरे की छत भरभराकर गिर गई। आवाज सुनकर घर के सदस्य और आसपास के लोग उस ओर दौड़े तो देखा कि गाय घर के मलवे में दबी हुई है। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद मलवे में दबी गाय को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मोहित के अनुसार गाय की मौत के बाद परिवार में माहौल गमगीन है वहीं पीड़ित परिवार ने प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई है। पार्षद कुलदीप तोमर ने बताया कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं और उनकी हरसंभव मदद करवाने का प्रयास किया जाएगा।

# बारिश के कारण नाले–नालियां चोक, लबालब हुई सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** रविवार की सुबह करीब सात घंटे हुई बारिश ने नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था के दावों की पोल खोल कर रख दी। कई स्थानों पर नाले चोक होने के कारण जलभराव हो गया कई जगहों पर तो बरसात का पानी दुकानों में भी घुस गया जिस कारण दुकानदारों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

लंढौरा को जलभराव से मुक्ति दिलाने का दम भरने वाली नगर पंचायत प्रशासन के सारे वायदों व तैयारियों पर रविवार की सुबह से लेकर दोपहर करीब 12 तक हुई तेज बारिश ने पानी फेर दिया। बारिश के कारण कस्बे के नाले व नालियां चोक हो गई अधिकांश गली-मोहल्लों बाजारों की सड़कें पानी से लबालब नजर आई कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग मेन बाजार, गाधारोणा मार्ग, गुज्जरवाड़ा, मातावाला हसन बाग, बाजार वाली पुलिया, आम्बेडकर चौक, मोहल्ला खुमरान ,अंबेडकर कॉलोनी, रंगमहल रोड़, बाल्मीकि बस्ती, रेलवे स्टेशन मार्ग मौहल्ला गडरियान मौहल्ला हजरत बिलाल, चांदी चौक, मदरसा मार्ग जैसी कई जगहों पर सड़कें तालाब में तब्दील हो गई सड़कों पर तीन से चार फुट तक पानी भर गया। कई जगह तो दुकानों में पानी भी भर गया, सड़कें जलमग्न होने के कारण लोगों को आवागमन में खासी परेशानी हुई जलभराव के बाद तो लोग अपने घरों में ही कैद होकर रह गए कस्बे के शीशपाल कश्यप, इजहार, त्रिवेंद्र कुमार, तौसिफ, जोगेंद्र, नसीम, वकार अहमद, अमित बाल्मिकी, आदि लोगों का कहना है कि लोगों ने अवैध निर्माण कर नालों को नालियों में बदल दिया है। जिस कारण कस्बे में पानी की जल निकासी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि हल्की सी बरसात में गली मोहल्लों व बाजारों में पानी भर जाता है। लंढौरा में जलभराव की समस्या कोई नहीं है। सब कुछ जानते हुए भी नगर पंचायत प्रशासन आज तक इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना पाया है।

# आपदा पीड़ितों के लिए एकत्र किया रक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हिंद मजदूर किसान समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स के रक्त बैंक विभाग की अध्यक्ष डॉ. गीता नेगी के नेतृत्व में चिकित्सक टीम ने सहयोग किया। शिविर में करीब 500 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। यह रक्त उत्तरकाशी के धराली में प्राकृतिक आपदा में घायल हुए लोगों के लिए जुटाया गया है। शनिवार दोपहर डीएवी रोड के पास आर्य समाज मंदिर धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन के साथ सैकड़ो की संख्या में समिति से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन ने बताया कि उत्तराखंड में जो नियमों को ताक पर रखकर जो विकास हो रहा है वह प्रकृति के साथ खिलवाड़ है। शिविर में ऋषिकेश एम्स का सहयोग मिला है। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। इस मौके पर संदीप, मनोज, लोकेंद्र, ओमसिंह, मोहित, विकास, राजपाल, सतीश, विकास कुमार और अमित आदि मौजूद रहे।

**चार पर मारपीट करने का आरोप** **झबरेड़ा।** ग्राम दुगचाड़ा थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश निवासी आशु चौधरी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि जब वह अपनी बाइक से ग्राम कोटवाल होते हुए रुड़की ड्यूटी पर जा रहा था उसी समय ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी भूरा अहमद अपनी ट्रैक्टर बोगी लेकर सड़क के बीचो बीच खड़ा था। ट्रैक्टर बोगी को साइड में करने के लिए कहने पर उक्त ने अपने गांव के ही साथियों गुलफाम जुबेर अहमद तथा सुहेल अहमद के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई।

## बिल्डिंग से सामान चोरी में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** निर्माणधीन बिल्डिंग से सामान चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिससे चोरी का माल बरामद किया गया। माल को सील कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया। गंगनहर कोतवाली को बलप्रीत सिंह कालरा निवासी जादूगर रोड कोतवाली ने तहरीर देकर बताया था कि नेहरू नगर के पास एक बिल्डिंग तैयार हो रही है। जहां पर तार के बंडल और काफी सरिया रखा था। 15 अगस्त को बिल्डिंग से करीब 50 हजार के तार और काफी सरिया चोरी हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी थी। उप निरीक्षक पंकज कुमार, कांस्टेबल अजय और प्रीतम ने आबिद निवासी रुड़की को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# लगातार कई घंटे बारिश होने से किसानों की फसलें हुई बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा वह ग्रामीण क्षेत्र में रविवार तडके लगातार हुई भारी बारिश व हवा के चलते किसानों के खेतों में खड़ी धान व गन्ने की फसल धरती पर गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार रविवार तड़के से ही कस्बा व क्षेत्र में तेज हवा के साथ-साथ बारिश शुरू हो गई थी। कस्बा व क्षेत्रीय किसान यशवीर सिंह अरविंद कुमार शहजाद स्वराज विक्रम सुलेमान मलिक बालू अहमद आदि का कहना है कि रविवार तड़के से ही तेज हवा के साथ-साथ बारिश शुरू हो गई थी। बारिश के साथ-साथ तेज हवा चलने के कारण खेतों में खड़ी धान व गन्ने की फसल धरती पर गिर गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है ।धान की फसल धरती पर गिरते ही बर्बाद हो जाती है ।धान की फसल धरती पर गिरने से उसमें दाना ही नहीं लग पाताहै। जिससे किसान की पूरी लागत के साथ-साथ धान की फसल के साथ जुड़े किसान के सपने भी धराशाई हो जाते हैं। यही हाल गन्ने की फसल का भी है। धरती पर गिरी गन्ने की फसल को खड़ा कर बांधने के लिए मजदूर भी अपनी मजदूरी दोगुनी कर देते हैं। तेज हवा व बारिश के चलते धान की फसल गिरने से किसानों के सामने भारी परेशानी खड़ी हो गई है।

## एआरटीओ के चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में एआरटीओ के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया है जिससे अवैध रूप से वाहन चलाने वालों में खलबली मच गई है एआरटीओ हरिद्वार मुकेश भारती ने कहा कि हमारे द्वारा रूटिंग चेकिंग की जा रही है जिसमें ओवरलोड वाहन अवैध खनन नोटिफाई साइलेंसर बगैर वैध कागजों के गाड़ी चलाने वालों को चेकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज चेकिंग अभियान में हमने 10 चालान किए हैं जिसमे दो वाहनों को सीज किया है एक वाहन को पर पत्र नहीं होने के कारण सीज किया है उन्होंने कहा हम रूटिंग चेकिंग अभियान चला कर अवैध वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं उन्होंने आमजन से अपील की है कि सरकार के बने हुए नियम को मानकर वाहन चलाएं और अपने आप को सुरक्षित रखें।

# 6 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप होने से आमजन हलकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को विद्युत आपूर्ति लगातार 6 घंटे ठप होने से कई गांव के लगभग 50000 लोगों को गर्मी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कस्बे वासियों को विद्युत आपूर्ति न होने से पानी की टंकी से सप्लाई होने वाला पानी भी सप्लाई न होने के कारण कस्बे वासियों के आवश्यक काम भी नहीं हो पाए। कस्बे के साथ-साथ ग्राम भगतो वाली ग्राम खड़खड़ी ग्राम लोधी वाला ग्राम शीतलपुर ग्राम डेलन मानकपुर आदमपुर खजूरी सबूत वाली कुशालीपुर भरतपुर लैथल देव आदि गांव मैं रविवार को तड़के 5:00 से लेकर दिन के 11:00 तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लगभग 50000 लोगों को गर्मी की मां झेलनी पड़ी। राजपाल चौधरी बिरम सिंह डॉक्टर जोध सिंह अरविंद कुमार कुंवर पाल शमशाद जमशेद आदि का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते कस्बा वह क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विभाग के अधिकारी कस्बे में क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लगातार कई घंटे बंद कर देते हैं। जिससे भीषण गर्मी के चलते बच्चे बूढ़े सभी परेशान हो जाते हैं कस्बे में पानी सप्लाई पूरी तरह से विद्युत आपूर्ति पर निर्भर रहता है। जब भी विद्युत आपूर्ति कई घंटे लगातार बंद होती है कस्बे मैं पानी की आपूर्ति भी बंद हो जाती है जिससे कस्बे वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कस्बे में स्थित विद्युत उप संस्थान पर कार्यरत अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि तेज हवा वह बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रही।

# विधायक ने उर्स की तैयारी का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स/मेले में व्यवस्थाओ की तैयारियों को लेकर विधायक हाजी फुरकान अहमद ने दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया।उन्होंने अधूरी पड़ी तैयारियों को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।उसके बाद उन्होंने दरगाह साबिर पाक में जियारत कर फूल पेश किए।

पिरान कलियर साबिर पाक का सालाना उर्स शुरू होने वाला है।अभी उर्स की व्यवस्था अधूरी पड़ी हुई हैं। शनिवार को विधायक हाजी फुरकान अहमद कलियर उर्स की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलियर दरगाह कार्यालय पहुंचे।उसके बाद उन्होंने दरगाह का क्षेत्र पुराने लंगर खाने ,साबरी जामा मस्जिद का निरीक्षण किया।अधूरी तैयारी देख और पुराने लंगर खाने साफ सफाई ठीक से नही होने पर और साबरी जामा मस्जिद में छत से टपकने को लेकर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई।साथ ही उन्होंने कहा कि अभी तक उर्स के ठेके नही हुए हैं यह बहुत दुर्भाग्य है।विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बताया कि पुराने के लंगर खाने बड़ी बड़ी झाड़ियां और घास उगी हुई।इन झाड़ियों ने जीव जंतुओ का दरगाह परिसर में घुसने का अंदेशा बना हुआ है।साबरी जामा मस्जिद में छत से कई



जगहों पर पानी टपक रहा है।जिससे जायरीनों को नमाज पढ़ने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दरगाह क्षेत्र में साफ सफाई नही है। जगह जगह गंदगी फैली हुई है। वह इस सम्बंध में जिलाधिकारी से मिलकर वार्ता करेंगे। इस मौके पर मोहसीन सिद्दीकी, इस्तिकार अली, सलीम पीरजी, सफीक मलिक,वसीम ,फारुख ,अहसान ,गुलजार चौधरी आदि मोजूद रहें।

# लक्सर पालिका ने किया दवाइयों का छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद में मच्छरों को मारने वाली दवाई का छिड़काव किया जा रहा है नगर पालिका परिषद चेयरमैन संजीव ऊर्फ निटू ने बताया की बरसात की वजह से नालो व आसपास मैं मच्छर पैदा हो जाते हैं जो आम जनता को नुकसान पहुंचाते हैं। इसीलिए हम नगर पालिका परिषद क्षेत्र में दवाई का छिड़काव करा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा की हम आम जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे अधिशासी अधिकारी मोहम्मद कामिल ने कहा की नगर पालिका क्षेत्र मैं दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है क्योंकी भारी बरसात की वजह से नालो व घरो मे आसपास गंदगी पैदा हो जाति है जिसमें जहरीले जीव जंतु एव मच्छर पैदा हो जाते हैं लोगों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में दवाई का छिड़काव हमारे द्वारा किया जा रहा है जिससे कोई भी जहरीला जीव जंतु या मच्छर किसी ताकि नगर पालिका क्षेत्र में बीमारी



न फैले ओर लोग पुरी तरह सुरक्षित व स्वस्थ रहे।

CMYK



# धामी सरकार का बड़ा फैसला: उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड खत्म

## अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के लिए नया शिक्षा कानून

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/गैरसैंण।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने एक अहम फैसले में राज्य की बरसों पुरानी मदरसा संस्कृति को समाप्त कर सभी अल्पसंख्यक समुदायों के लिए समान शैक्षिक अवसर सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। रविवार को कैबिनेट ने 'उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम' लाने का निर्णय लिया, जो 19 अगस्त से गैरसैंण में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में पेश होगा।



अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों को यह सुविधा मिलेगी। सरकार का दावा है कि यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक संस्थानों को मान्यता देने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना और शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इस फैसले के साथ ही कैबिनेट ने 2016 में कांग्रेस सरकार द्वारा पारित 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम' को निरस्त करने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत एक प्राधिकरण का गठन होगा। दरअसल, मदरसा शिक्षा बोर्ड केवल मुस्लिम शिक्षण संस्थानों से संबंधित था और इसके तहत 452 मदरसे पंजीकृत हैं।

यह बोर्ड 1 जुलाई 2026 से समाप्त हो जाएगा। नया अधिनियम मुस्लिम के अलावा सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों के शिक्षण संस्थानों को विनियमित करेगा। सूत्रों के अनुसार, उत्तराखंड में सैकड़ों अवैध मदरसों पर धामी सरकार की कार्रवाई के बाद एक पारदर्शी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की गई। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम-2016' और 'उत्तराखंड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता नियम-2019' को 1 जुलाई 2016 से ही निरस्त माना जाएगा। इसका अर्थ है कि अब मदरसों के लिए अलग से कोई शिक्षा बोर्ड या मान्यता नियम प्रभावी नहीं रहेंगे।

## उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक, 2025

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसमें यह तय किया गया है कि आगामी विधानसभा सत्र में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों जैसे ख सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा जिसका उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना है, साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है।

### अधिनियम का यह होगा प्रभाव

- राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक संस्थानों को अब पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता मिलेगी।
- शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।
- राज्य सरकार के पास संस्थानों के संचालन की निगरानी करने और समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी करने की शक्ति होगी।

## अधिनियम की मुख्य विशेषताएं

**1 - प्राधिकरण का गठन -** राज्य में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जो अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा प्रदान करेगा।

**2 - अनिवार्य मान्यता-**मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन या पारसी समुदाय द्वारा स्थापित किसी भी शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने के लिए प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**3-संस्थागत अधिकारों की सुरक्षा-** अधिनियम अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनी रहे।

**4 - अनिवार्य शर्तें-**मान्यता प्राप्त करने के लिए शैक्षिक संस्थान का सोसाइटी एक्ट, ट्रस्ट एक्ट या कंपनी एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण होना आवश्यक है। भूमि, बैंक खाते एवं अन्य संपत्तियां संस्थान के नाम पर होनी चाहिए। वित्तीय गड़बड़ी, पारदर्शिता की कमी या धार्मिक एवं सामाजिक सद्भावना के विरुद्ध गतिविधियों की स्थिति में मान्यता वापस ली जा सकती है।

**5 - निगरानी एवं परीक्षा -** प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार दी जाए और विद्यार्थियों का मूल्यांकन निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो

## रविवार को आफत बनकर बरसी मूसलाधार बारिश

**विकासनगर।** पछुवादून, जौनसार बावर में शनिवार रात से रविवार पूरे दिन हुई मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी। विकासनगर में 47 मिमी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई और गलियों से बाजार तक जलभराव हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर जगह पर पानी जमा हो गया। बारिश के कारण सेलाकुई में एनएच पर जल भराव होने से यातायात प्रभावित हुआ। सेलाकुई के मिलन चौक, जमनपुर रोड, सिडकुल गेट के सामने, एसबीआई के सामने, शिव मंदिर के सामने एनएच तालाब बना नजर आया। जबकि विकासनगर में सिनेमा गली, मुस्लिम बस्ती, मदीना बस्ती, पंजाबी कॉलोनी में जल भराव से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। लगातार हो रही बारिश से यमुना का जल स्तर एक बार फिर तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता को बढ़ाने लगा है। रविवार को जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया।

## खीर गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से राहत और बचाव बंद

**उत्तरकाशी।** ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया जिसके चलते मलबे में चलाए जा रहे खोज अभियान को बीच में ही रोकना पड़ा। वहीं बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की ओर से मलबा काटकर बनाई गई सड़क भी एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने सुबह के समय रोजाना की तरह मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान शुरू किया था लेकिन दोपहर में खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से राहत और बचाव कार्य को तुरंत रोकना पड़ा।

# चिकित्सकों की कमी दूर करने को हुई नई नियुक्तियां

## मुख्यमंत्री धामी ने 220 चिकित्सा अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 220 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए इस क्षण को उनके जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

- बेहतर इलाज के साथ मधुर व्यवहार, सेवाभाव, समर्पण का दिया मूल मंत्र
- प्रथम देह का जतन कर लो, फिर साधना होगी:मुख्यमंत्री
- अपने ज्ञान और कौशल से लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने को कहा

कहा कि आप मात्र चिकित्सक नहीं बल्कि देवभूमि के आरोग्य प्रहरी भी हैं। इसीलिए आप सभी को प्रदेश की चिकित्सा को सस्ती, जन सुलभ और नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूर्ण समर्पण और सेवा भाव से कार्य करना होगा। इस अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, राजकुमार पोरी, व सरिता कपूर, राज्य स्तरीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुरेश भट्ट, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य सुनीता टम्टा सहित संबंधित चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित थे।

### 21 करोड़ से अधिक का कैशलेस इलाज मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 11 लाख से अधिक पेशेंट्स को 21 करोड़ से अधिक की कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त हो चुकी है। श्रीनगर में कार्डियो और न्यूरोलॉजी तथा हल्द्वानी में कैंसर से संबंधित विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। कहा कि आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से हेली के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाएं जीवनदायिनी का काम कर रही हैं। अभी हाल ही में धराली में आई आपदा के दौरान भी इसको देखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकतर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य केंद्रों के आधुनिकीकरण, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति और टेलीमेडिसिन सेवा के विस्तार से राज्य में चिकित्सा सेवाओं को नया आयाम मिला है।



### कृतिमान स्थापित कर रहा स्वास्थ्य विभाग: डॉ. धन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग नियुक्तियों के मामले में नित्य नए कृतिमान स्थापित कर रहा है। कहा कि 220 चिकित्सकों में 04 दिव्यांग कोटे के चिकित्सकों को छोड़कर शेष सभी चिकित्सक दुरस्त क्षेत्रों में तैनाती देंगे। कहा कि विभाग शीघ्र ही और चिकित्सकों, नर्सेज और सपोर्टिंग स्टाफ की भी भर्ती करने जा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राज्य के 220 स्थानों पर बड़े अभियान के तौर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 25 लाख से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित किया जाएगा।

### ईश्वर के बाद चिकित्सक का सम्मान: जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों के साथ-साथ सपोर्टिंग स्टाफ की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होने से अधिकतर चिकित्सक इन क्षेत्रों में भी अपने आप सेवाएं देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आज भी लोग ईश्वर के बाद सबसे अधिक सम्मान चिकित्सक को देते हैं इसी कारण चिकित्सकों को लोगों के विश्वास को और बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।



# कांग्रेस ने उठाई निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, प्रदेश में पंचायत चुनाव पर डाका डालने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के एक वृहद प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में मुलाकात कर निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग उठाई।

कहा कि राज्य में हाल ही में संपन्न त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में हुई धांधलियों व सरकारी संरक्षण में सत्ताधारी दल की और से की गई गुंडागर्दी गोली-बारी व अपहरण की घटना व नेता विपक्ष यशपाल आर्य व विधायकों के खिलाफ की गई एफआईआर व राज्य के अधिकारियों की और से असंवैधानिक कार्य करने के मामलों पर विस्तार से जानकारी दी।

माहरा ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने जंगल राज कायम किया हुआ है और जान बूझ कर पंचायत चुनाव समय पर ना करवा कर सात महीनों की देरी की गई जिससे इनके वे लोग जो निकाय चुनावों में मतदाता थे वे ग्रामीण क्षेत्रों में भी चुनावों में प्रतिभाग कर सकें। माहरा ने नैनीताल, बेतालघाट व रुद्रप्रयाग के उदाहरण देते हुए कहा कि प्रशासनिक तंत्र सारे तमाशे में मूक दर्शक बना रहा और अपराधी खुलेआम जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण करते रहे और बेतालघाट में दिन दहाड़े गोलियां चलाते रहे। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आरक्षण किया गया। विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राज्यपाल प्रदेश की सरकार और प्रदेश की संवैधानिक संस्थाओं का संरक्षक होते हैं इसलिए आज जब वर्तमान हुकूमत संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है तो राज्यपाल को हस्तक्षेप करना चाहिए और सरकार को सख्त संदेश देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत ने कहा कि शुरू से और चुनाव संपन्न होने तक राज्य निर्वाचन आयोग सरकार की कठपुतली बन कर काम करता रहा जबकि वो एक स्वायत्तशासी संवैधानिक संस्था है और उसको निष्पक्षता के साथ अपनी भूमिका ईमानदारी से निभानी चाहिए, उसने ठीक इसके विपरीत पंचायती राज्य कानून की ही धज्जियां उड़ाते हुए ऐक्ट के खिलाफ आदेश जारी करते हुए दो जगह नाम वालों को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी जिसको उच्च न्यायालय नैनीताल ने स्टे कर दिया उसके बावजूद राज्य निर्वाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आद. `शों का भी पालन नहीं किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे उनके द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार को उचित संदेश देंगे। प्रतिनिधिमंडल में विधायक ममता राकेश, विधायक विक्रम सिंह, विधायक फुरकान अहमद, विधायक रवि बहादुर, विधायक अनुपमा रावत, पूर्व विधायक राज.

## कांग्रेसियों ने वीर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में रविवार को कांग्रेसियों ने शौर्य स्थल, युद्ध स्मारक, चीड़बाग (कैंट रोड), देहरादून पहुंचकर उत्तराखंड के वीर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस मौके पर वहां उपस्थित कांग्रेसजनों व कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी आदि भी मौजूद रहे।

# श्रमिकों की समस्याओं के 8299 आवेदनों का समाधान किया

## मुख्यमंत्री धामी ने डीबीटी से ट्रांसफर की 25 करोड़ रुपए की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर श्रमिक एवं श्रमिकों के आश्रितों के पुत्री विवाह सहायता योजना, मृत्यु अनुदान योजना, प्रसूति सहायता योजना एवं शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 8,299 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया गया। जिसका मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर एक क्लिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री गीता रावत, उप श्रमायुक्त मधु नेगी चौहान, विपिन कुमार, उमेश चंद्र राय, के.के. गुप्ता, कमल जोशी एवं समस्त सहायक श्रम आयुक्त तथा एचडीएफसी बैंक की ओर से सुमित गोयल, इशान शर्मा, रोहित थपलियाल आदि उपस्थित रहे।



इसके तहत कुल 24,85,19,700 रुपये (चौबीस करोड़ पिचासी लाख उन्नीस हजार सात सौ रुपये) की धनराशि संबंधित श्रमिक एवं उनके आश्रितों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। सचिव श्रम श्रीधर बाबू अद्दांकी व श्रमायुक्त प्रकाश चंद्र दुमका, श्रमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि कर्मकार बोर्ड द्वारा विगत एक माह में विशेष अभियान चलाकर इन 8,299 आवेदनों का निस्तारण किया गया। बोर्ड स्तर पर प्रथम बार इस प्रकार का प्रयास किया गया है। यह भी आश्वस्त किया गया कि भविष्य में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को भी ससमय अभियान चलाकर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

### श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित हो समाधान: सीएम धामी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बोर्ड के इस प्रयास की सराहना की गई तथा श्रम विभाग के लेबर सेस मैनेजमेंट पोर्टल और ई-श्रम पोर्टल पर राज्य की उत्कृष्ट प्रगति को देखते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि श्रम विभाग को जहाँ एक ओर श्रमिकों की समस्याओं का निस्तारण तत्परता के साथ करना होगा वहीं उद्योगों एवं श्रमिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा ताकि श्रमिकों को निरंतर सुलभता रोजगार प्राप्त होता रहे और उनकी छोटी-छोटी समस्या का निस्तारण तत्काल किया जा सके।

## टोयोटा नए आकर्षक ब्लूइश ब्लैक रंग में उपलब्ध

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी अर्बन क्रूजर टाइजर के लिए दो अहम अपग्रेड की घोषणा की। कंपनी ने नया ब्लूइश ब्लैक एक्सटीरियर कलर पेश किया है और सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स शामिल किए हैं। टोयोटा हमेशा ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उसकी सोच बेहतर से बेहतर कारें प्रदान करने पर केंद्रित रहती है।

छिद्दरवाला ग्राम पंचायत में भारी मतों से समर्थन प्रदान करने के लिए देवतुल्य मतदाताओं का आभार एवं
स्वतंत्रता दिवस पर
सभी को शुभकामनाएं
गोकुल रमोला
नवनिर्वाचित प्रधान
ग्राम पंचायत, छिद्दरवाला, रायवाला

# अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक ऐतिहासिक: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने धामी कैबिनेट के मंजूर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक को विधान सभा के पटल पर लाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस अधिनियम से शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।



भट्ट ने कहा कि इस अधिनियम से

राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक संस्थानों को अब पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता मिलेगी। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। इससे राज्य सरकार के पास संस्थानों के संचालन की निगरानी करने और समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी करने की शक्ति होगी। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा जिसका उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना है, साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास है। इसलिए इस अधिनियम मे सभी अल्प संख्यक वर्गो को प्रतिनिधित्व दिया गया है। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने हेतु मान्यता लेने और संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं करने बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता मे सहयोग जैसे कदम साराहनीय हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से रविवार को राजभवन में स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

कार्यालय नगर निगम, श्रीनगर गढ़वाल
पंत्राक 1184/(विज्ञापन)/2025-26 दिनांक 14.08.2025
स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को नगर निगम श्रीनगर की ओर से 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
इस अवसर पर नगर निगम श्रीनगर के समस्त नागरवासियों से अनुरोध है कि
1.अपने भाहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में नगर निगम को सहयोग प्रदान करें।
2.निगम सम्बंधित किसी भी सुविधा के लिए टोन फ्रिनं० - 9870666323 पर कॉल करें।
3.सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्रांर्गत पॉलिथिन प्रतिबधित है, कृपया पॉलिथिन का प्रयोग न करें।
4.नदी तट पर गंदगी न फैलाये तथा नदी को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
5.निगम द्वारा निर्धारित करों का भुगतान समय पर करें।
6.गीले व सूखे कूडे को घर पर ही अलग-अलग करें।
7.गीले कूडे से घर पर ही खाद बनायें।
(नूपुर वर्मा)(पी०सी०एस०)
नगर आयुक्त
नगर निगम श्रीनगर।
(आरती भंडारी)
नगर प्रमुख
नगर निगम श्रीनगर।

CMYK

# शब्दों की जादूगिरी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री मोदी अपने शब्दों की जादूगिरी से विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके है। एक तरफ मोदी अपने वैचारिक इकोसिस्टम को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के समक्ष ठोस चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक की सफलता दूसरे की कीमत पर ही संभव है। प्रसंगवश बताते चलें कि लालकिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 12वां स्वाधीनता दिवस संबोधन न सिर्फ इसलिए उल्लेखनीय था कि इसने राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को खास तवज्जो दी, बल्कि इसलिए भी कि इसने देश के सामने सांप्रदायिक रंगत वाले जनसांख्यिकीय खतरे पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफों के पुल बांधते हुए मोदी ने अपना पुराना राग दोहराया और कहा कि एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं। उन्होंने जिसे देश की जनसांख्यिकी बदलने की सोची- समझी साजिश करार दिया, उससे निपटने के लिए उच्चाधिकार-प्राप्त जनसांख्यिकी मिशन का गठन, विभिन्न समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की अलग -अलग दरों और पड़ोसी देशों से दस्तावेज-विहीन प्रवासियों की घुसपैठ की ओर इशारा करके देश का धार्मिक आधार पर ध्रुव.ीकरण करने की एक बेपर्दा कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। हालांकि, भाषण में ठोस मुद्दों पर भी बात की गयी, जिसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा व प्रौद्योगिकी, और युवा सशक्तीकरण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर काफी फोकस था। मोदी ने बीते साल में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास परिख्रश्य में आये बदलावों का भी लेखा-जोखा पेश किया, और आगे क्या आसार हैं, इस पर बात की। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा और कहा कि इसने भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मौके का इस्तेमाल भारत के दुश्मनों, खासकर पाकिस्तान, को चेतावनी देने के लिए करते हुए, आतंकवाद और सीमा-पार हमलों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को रेखांकित किया। माओवादी विद्रोह के खिलाफ लड़ाई में मिली हालिया कामयाबी का भी जिक्र हुआ। जैसा कि मोदी ने ऐलान किया, एक पूर्ण स्वदेशी रक्षा प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र 'को साल 2035 तक विकसित व तैनात किया जायेगा। ज्यादा ब्योरा तो नहीं था, पर उन्होंने इसे एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बताया जो न सिर्फ दुश्मन के हमलों को निष्प्रभावी करेगी, बल्कि दुश्मन पर कई गुना ज्यादा पलटवार भी करेगी। वैश्विक शक्ति समीकरणों में तेजी से बदलाव के बीच, मोदी के स्वाधीनता दिवस संदेश का निशाना अमेरिका भी था जिसने कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी के भारी टैरिफ का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों की जादूगिरी अभी तक विपक्ष के हमलों का माकूल जवाब देने में नाकाम नहीं, तो कोई खास असर भी नहीं दिखा पाई है।

## सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए



चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है, चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है, माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं, जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा, सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है, सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# निर्वाचन आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'






**पवन सिंह**

क्या यही बहुत प्रचारित प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज जब सनसनाते हुए सवाल आने लगे तो जुबान ही चली गई। लगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस थी ही नहीं। यह तो वोट चोरी पर जस्टीफिकेशन था। मैं बेशक यह लिख सकता हूं कि केन्द्रीय चुनाव आयोग की यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

आम जनता के सुलगते सवालों पर कोई जवाब ही नहीं था। सीधे-सीधे सपाट शब्दों में लिखूं तो आयोग ने उल्टा ही अपने ऊपर और गहरा संदेह ओढ़ लिया। जनता के सवालों/संदेहों से आयोग के अधिकारियों के चेहरों से हवाई उड़ रही थी। इससे तो बेहतर होता आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलेआम सारा सच खोलकर इस्तीफा दे देते। इतिहास में अमर हो जाते। कितने दिनों तक और जियोगे। 10-15-20 साल। यह कलंक और लोकतंत्र की हत्या का बोझ लेकर। यह प्रेस कांफ्रेंस वही कर सकता था जो जमीर और आत्मा दोनों निकाल चुका हो।

आपने तो CCTV फुटेज पर ऐसा बेहूदा तर्क दिया कि क्या महिलाओं की वीडियो दिखानी है? पोलिंग बूथ के अंदर क्या महिलाएं स्नान करती हैं? क्या कपड़े बदलती हैं? क्या अंत:वस्त्र पहनती हैं। पोलिंग बूथ के अंदर फुटेज मांगने पर यह सड़कछाप तर्क रखने के लिए यह छपरीनुमा प्रेस कांफ्रेंस की थी क्या? ऐसा क्या है पोलिंग बूथ के फुटेज के भीतर कि आपको यह बेहूदा तर्क देना पड़ा?

डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।

जब सवालों के जवाब देने की हैसियत ही नहीं थी और सच बताने का साहस ही नहीं था तो प्रेस कांफ्रेंस क्यों की थी और अगर की थी तो केवल पानी के बताशे टाइप्स मीडिया जुटा लेते। ऐसे NEXT कह कर भागना तो न पड़ता। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी सीधे जनता के प्रति है और स्वस्थ लोकतंत्र को बचाने के प्रति है। अगर यही प्रेस कांफ्रेंस थी तो इसे नहीं करना चाहिए था। फिर से आप एक्सपोज हो चुके हो। शर्मनाक था तुम्हारा NEXT, आयोग जाने-अनजाने देश को ऐसे संघर्ष के दोषी और साक्षी बनेगा। जिसे कोई नागरिक देखना नहीं चाहता। समूची प्रेस कांफ्रेंस शर्मनाक रही। पूरे देश खासकर हिंदी बेल्ट में मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक रूप से झोलझाल है। उदाहरण स्वरूप बनारस, मतदान केंद्र संख्या -206, कन्या प्राइमरी, शंकुलधारा, कश्मीरीगंज की एक लिस्ट में एक आदमी ने 13 साल में ही, एक कमरे में, इकलौती बीबी से 43 बच्चे पैदा कर डाले और सब के सब मेल। बिहार में जिन 17 को मरा दिखाया वह सब जिंदा निकले, बेंगलूर सेंट्रल में म.नं.-791 में 43 वोटर, मुजफ्फरपुर में एक ही पते पर 269 वोटर, जमुई में एक ही पते पर 267 वोटर, बिना पते के 2.92 वोटर, गोमतीनगर, लखनऊ में तमाम मृत लोगों के नाम की भी पर्चियां, खंदौली, आगरा में एक ही पते पर 510 वोट, कर्नाटक के एक ही मकान में 80 वोटर। सवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठे तो कन्नी काट कर भाग गए। शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से वोटिंग और जवाबदेही पर टका सा छतरी खोल टाइप उत्तर-NEXT, यहां सवाल किसी राजनी.तिक दल के हारने व जीतने का है ही नहीं। यहां सवाल निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का है। आयोग ने अपनी विश्वसनीयता शून्य कर ली है। जो इस देश के लो.कतंत्र के लिए भयावह साबित होगा। अब जनता उन नेताओं के वो कान्फिडेंस से भरे उद्गारों को को-रिलेट कर रही है कि अब की बार। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के खेल को जो तमाम तरह के संदेह से भरे हैं। मुझे याद है महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद आम जनता ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त चर्चा हुई थी। मामला न्यायालय गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। हालांकि तमाम वीडियो वायरल हुए जिसमें सड़कों पर हजारों लोगों की भीड़ को नारेबाजी करते देखा जा सकता है। ये लोग ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के नारे लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो महाराष्ट्र का है, जहां भारी संख्या में लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेन स्ट्रीम मीडिया को इसे कवर नहीं करना था तो उसने नहीं किया। फिलहाल, चुनाव आयोग की साख पर बुरी तरह से बट्टा लग चुका है और यह एक बहुत बड़े आंदोलन का सबब बन सकता है। यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

**डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आपदाओं से त्रस्त देवभूमि उत्तराखंड

**चाहे बादल फटे या लैंडस्लाइड हो, देवदार के पेड़ मलबा- पानी को नीचे नहीं आने देते थे क्योंकि हिमालय की उत्पत्ति के बाद से ही इसको मजबूत बनाए रखने में देवदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके जंगल काफी सघन होते हैं और इसके नीचे के हिस्से में बांज जैसी घनी झाड़ियां होती हैं जो बादल फटने पर भी हिमालय की मिट्टी को जकड़ कर रखती हैं जिससे ऐसी त्रासदी की सम्भावनाएं नगण्य रहती हैं, इसीलिए हिमालयवासी देवदार को भगवान की तरह पूजते हैं। किन्तु 19 वीं सदी में विल्सन के समय से जो इन पेड़ों को काटने का सिलसिला प्रारंभ हुआ आज तक अनवरत रूप से जारी है। समय की मांग है कि उच्च हिमालई क्षेत्र में देवदार के कटान पर पूर्णतरू रोक लगाई जाय और देवदार के जंगलों को फिर से विकसित किया जाए।**



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

भारत भूमि का उत्तर भाग जो वनाच्छादित व हिमाच्छादित रहा है तथा अनेक नदियों का उद्गमस्थल व झील-झरनों से परिपूर्ण है। यहां की शांति, एकांत व प्राकृतिक वातावरण प्राचीन काल से ऋषि, मुनियों,संतों व महापुरुषों को जप, तप व ध्यान हेतु अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। उत्तराखंड तपोभूमि होने के साथ देव भूमि भी है क्योंकि पावन गंगा का उद्गमस्थल गंगोत्री और यमुना का उद्गमस्थल यमुनोत्री के साथ भगवान बद्रीनाथ की तपोस्थली बद्रीनाथ तथा आदि शंकराचार्य की निर्वाण स्थली व भगवान शिव की पवित्र भूमि केदारनाथ यहीं अवस्थित है। प्रश्न उठता है कि देवों की भूमि और ऋषि -मुनियों की तपोस्थली आज आपदाओं से त्रस्त क्यों है?


आज मानव का दृष्टिकोण बदला है। अब लोग देव दर्शन या साधना के निमित्त कम, पर्यटन की दृष्टिकोण से पहाड़ों की ओर अधिक गमन कर रहे है। देव दर्शन में संयम और श्रद्धा के साथ सीमित संसाधन का उपयोग करते हुए जप-तप और साधना पर ध्यान केंद्रित होता है जबकि पर्यटन में लोगों का आहार- विहार और व्यवहार पश्चात संस्कृति से प्रभावित होता है और मौज मस्ती उनका उद्देश्य होता है। इसी दृष्टि से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक विभिन्न तीर्थ की यात्राएं करते हैं। उनकी सुविधाओं के दृष्टिगत ऑल वेदर रोड, सुरंग युक्त रेल परियोजनाएं, रोपवे,होटल, रिजॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्य बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के सतत जारी है जिससे पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं।

अनियोजित, अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को बढ़ावा दिया है।हमें प्रकृति की संवेदनशीलता को समझना होगा क्योंकि पहाड़ों का एक पारितंत्र है,अगर हम उसका दोहन, उत्पीड़न व शोषण करेंगे तो उससे उसका पारितंत्र छिन्न-भिन्न होगा और उसका परिणाम हमें पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बाढ़ ,भूस्खलन, बादल फटना, अत्यधिक वर्षा, भूकंप, जंगल की आग आदि त्रासदियों के रूप में भुगतना पड़ेगा क्योंकि हमने केदारनाथ की जल प्रलय से कोई सीख नहीं ली और उसी का परिणाम है कि 5 अगस्त को धराली की जलप्रलय का हमें सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बादल फटने से पर्यटन स्थल हर्षिल में भी तबाही हुई। खीर गंगा नदी में आई बाढ़ से 34 मिनट में धराली गांव जमींदोज हो गया। धराली-जल प्रलय से हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा कि यदि हमने नदियों के क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए होटल ,रेस्टोरेंट और आवास बनाए तो उसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने होंगे। खीर गंगा के जलग्राही क्षेत्र में हमने जिस तरह निर्माण किया, उसी से आपदा ने विकराल रूप धारण किया क्योंकि गाद से बनी समतल भूमि जो नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र थी ,पर हमने मकान, होटल और रेस्टोरेंट बना दिए और खीर गंगा के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए घुमावदार धारा के साथ बंध बना दिए जिससे यह स्थान सुरक्षित रहे किंतु सैलाब आने पर वह हमेशा अपने पुराने प्राकृतिक मार्ग से होकर ही गुजरता है।

इसी कारण इस बार कीचड़ और मलबे का तेज बहाव उन मजबूत बंध को तोड़कर उस समतल भूमि पर फैल गया जहां हमने नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण करके आधुनिक धराली गांव बसा लिया था जिसे प्रकृति ने अपने बहाव के लिए सुरक्षित रखा था।हमें नदियों के जलग्राही क्षेत्रों में निर्माण करने से बचना होगा क्योंकि धराली का मूल गांव आज भी सुरक्षित है लेकिन बाजार-होटल धाराशाई हो गए। हमें जल प्रलयकारी आपदाओं से बचने हेतु नदियों के किनारे -किनारे और उनके घुमावदार मार्ग से दूर मानव बसावट करनी होगी।जल और वृक्ष पहाड़ों की धरोहर है। धराली आपदा को देवदार के पेड़ रोक सकते थे क्योंकि धराली से ऊपर गंगोत्री वाले हिमालय क्षेत्र में देवदार पेड़ों की संख्या पहले बहुत अधिक थी और उत्तराखंड का उच्च हिमालई क्षेत्र देवदार के जंगलों से परिपूर्ण था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घड़ियाल संरक्षण के 50 साल: क्या हम सफल हुए



18 जून को विश्व मगरमच्छ दिवस पर मगरमच्छ संरक्षण परियोजना की शुरुआत की स्वर्ण जयंती मनाई गई। भारत सरकार ने 1975 में जब घड़ियालों के संरक्षण के लिए व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की थी, तब यह उम्मीद थी कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी संसाधनों के साथ यह मछलीभक्षी मगरमच्छ कृ जिसे वैज्ञानिक भाषा में गैवियालिस गैंजेटिकस कहा जाता है कृ फिर से भारतीय नदियों में आबाद हो सकेगा। लेकिन आज, इस प्रयास के 50 साल बाद, हमें खुद से यह कठिन सवाल पूछना होगारू क्या हम वाकई घड़ियाल को बचा पाए हैं?

जब घड़ियाल की बात होती है, तो अक्सर उसे एक विलुप्तप्राय जलचर के रूप में देखते हैं - एक ऐसा जीव, जो अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन घड़ियाल सिर्फ एक प्रजाति का नाम नहीं है। उसकी उपस्थिति खुद में एक संकेत है, नदी की सेहत, पारिस्थितिकी संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी संवेदनशीलता का।

घड़ियाल, अपनी पतली लंबी थूथन और मछलियों पर निर्भरता के कारण नदी पारिस्थितिकी का एक अनूठा जीव है। 20वीं सदी के आरंभ तक यह प्रजाति सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और इरावदी जैसे विशाल नदी तंत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती थी। लेकिन 1940 के दशक में इसकी संख्या मात्र 5-10 हजार के बीच रह गई और 1970 के दशक तक यह 98 फीसदी से अधिक क्षेत्र से गायब हो चुकी थी। इसी संकट को देखते हुए, 1975 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्धथ्व्।ऋ और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्धन्छक्च्ऋ के सहयोग से क्रोकोडाइल कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की तीन दुर्लभ घड़ियाल (मगरमच्छ) प्रजातियों, मगर और खारे पानी के मगरमच्छ को संरक्षित करना था। यह परियोजना 'पालन और पुन:प्रक्षेपण' विधि का उपयोग करके, बंदी अवस्था में मगरमच्छों को पालने और फिर उन्हें प्राकृतिक आवासों में छोड़ने पर केंद्रित थी। इसके अंतर्गत देश भर में 16 मगरमच्छ पुनर्वास केंद्र और 11 मगरमच्छ अभयारण्यों की स्थापना की गई। इनमें नेशनल चंबल सैंक्चुरी, कटर्नियाघाट, सतकोसिया, सोन घड़ियाल अभयारण्य और केन घड़ियाल अभयारण्य मुख्य है।

हाल की वार्षिक गणनाओं के अनुसार, आज भारत में वयस्क घड़ियालों की संख्या मात्र 650 के आसपास है, जिनमें से 550 नेशनल चंबल सैंक्चुरी में ही सीमित हैं। सवाल उठता है कि आधी सदी चले इस विशाल संरक्षण कार्यक्रम का परिणाम इतना सीमित क्यों है?

इसका जवाब संरक्षण की मूल रणनीति में निहित है कृ हमने बार-बार बंदी प्रजनन और पुन:प्रक्षेपण पर बल दिया, लेकिन उनकी प्राकृतिक निवास कृ नदियां कृ निरंतर संकट में रहीं। घड़ियाल की मौजूदगी यह भी दर्शाती है कि वह नदी अब भी जीवित है, उसमें प्रदूषण नहीं फैला है, उसमें प्रवाह बचा है, और उसमें जीवन पल रहा है। इसलिए वैज्ञानिक घड़ियाल को एक 'जैव संकेतक' मानते हैं - एक ऐसा जीव जो हमें बिना कुछ कहे यह बता देता है कि नदी कितनी स्वस्थ है।

घड़ियालों के जीवित रहने का पूरा दारोमदार नदियों पर है। वे खुले, बहावयुक्त नदी प्रवाह, रेत के टीलों और मछलियों की पर्याप्त उपलब्धता वाले वातावरण में ही पनप सकते हैं। लेकिन इन पांच दशकों में भारतीय नदियां बेतहाशा रेत खनन, बांधों, बैराजों, प्रदूषण और अवैध मछली पकड़ने के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने घड़ियालों के घोंसले बनने वाली रेत पट्टियों को नष्ट कर दिया है। कई क्षेत्रों में तो घोंसले लगभग समाप्त हो चुके हैं। घड़ियालों की 90 फीसदी से अधिक मौतें मॉनसून के बाद पहले तीन महीनों में होती हैं यह दिखाता है कि केवल अंडे देना और बच्चे निकलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना ही असली चुनौती है। घड़ियाल का संरक्षण अपने आप में रेत खनन पर नियंत्रण की मांग को जन्म देता है, जो बाढ़ नियंत्रण से लेकर जलप्रवाह की गुणवत्ता तक, कई प्राकृतिक संतुलनों को बनाए रखने में सहायक होता है। मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट द्वारा 2008 में शुरू किए गए घड़ियाल इकॉलॉजी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक प्रो. जेफरी लैंग के अनुसार हअब जरूरत है कि हम नदी पारिस्थितिकी की संपूर्णता पर ध्यान दें। घड़ियाल संरक्षण के प्रयास तब तक सार्थक नहीं होंगे जब तक कि नदियां अपने प्राकृतिक रूप में मुक्त बहने वाली न हों, उनमें बांध बैराज न्यूनतम हों और रेत खनन नियंत्रित हो। इसी तरह, नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी के सचिव राजीव चौहान कहते हैं, हबंदी प्रजनन और पुनर्वास केवल एक 'बैंड-ऐड' उपाय है। जब तक हम प्रवाह, मत्स्य पालन और रेत खनन पर सख्त नियंत्रण नहीं रखते, तब तक मगरमच्छों के पुनर्वास के प्रयास व्यर्थ है। ओडिशा ही एकमात्र राज्य है, जहां तीनों मगरमच्छ प्रजातियां - खारे पानी के मगर (भितरकनिका), घड़ियाल (सतकोसिया) और मगरी (सिमलीपाल) - पाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भितरकनिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।

दोनों क्षेत्र भारत में खारे पानी के मगरमच्छों के तीन गढ़ों में से हैंय तीसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। वर्ष 2025 की जनगणना में 1826 खारे पानी के मगर, 16 घड़ियाल और लगभग 300 मगरी गिने गए। हालांकि यह संरक्षण की सफलता दर्शाता है, लेकिन हाल ही में भितरकनिका और उसके आसपास के इलाकों में इंसानों और मगरमच्छों के बीच संघर्ष बहुत बढ़ गया है। पिछले साल जून और अगस्त के बीच पार्क और उसके आसपास मगरमच्छों के हमलों में एक 10 वर्षीय लड़के सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। वहां अब इन इलाकों में बाड़बंदी और चेतावनी प्रणाली जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं। एक ताजा अध्ययन में पाया गया है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन से घड़ियालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र 36 फीसदी से 145 फीसदी तक बढ़ सकता है - विशेषतरू उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों में। वहीं ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य शायद अपनी उपयुक्तता खो बैठेंगे। अध्ययनकर्ताओं ने सिफारिश की है कि ब्रह्मपुत्र और महानदी घाटियों में संभावित क्षेत्रों का मैदानी सर्वेक्षण किया जाए, उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और स्थानीय समुदायों को संरक्षण प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए। घड़ियाल संरक्षण के 50 वर्षों का अनुभव हमें यही सिखाता है कि सिर्फ प्रजाति पर केंद्रित नीतियां नाकाफी है। जब तक हम नदियों को, उनके प्रवाह को, उनकी जैव विविधता को, उनके किनारे के समुदायों को संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक घड़ियाल जैसे जीव केवल सरकारी आंकड़ों में ही जीवित रहेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में बंदूकधारी हमलावरों ने सात को उतारा मौत के घाट

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे।

### रूस की 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर दोबारा जाने की योजना

**व्लादिवोस्तोक।** रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा।

### इराक ने आईएस के दो ठिकानों पर हवाई हमले किए

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराये हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने यह जानकारी दी है। जेओसी ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, जिससे वहां मौजूद आतंकवादी मारे गए। दूसरा हमला उत्तरी किरकुक प्रांत में आईएस के एक और ठिकाने को निशाना बनाकर गुरुवार को किया गया।

### उत्तरी चीन में अचानक आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत

**होहोट।** उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार देर रात अचानक बाढ़ आने से आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उराद रियर बानेर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार यह आपदा शनिवार रात लगभग 10 बजे बयानूर शहर के उराद रियर बानेर में नदी के ऊपरी क्षेत्र में आई जिसमें 13 शिविरार्थी लापता हो गए। रविवार सुबह 10 बजे तक एक व्यक्ति को बचा लिया गया, आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग लापता हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले के पहलगाम में 'तिरंगा रैली' में भाग लेते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य।

# अमेरिका को लगता है, वो मनमानी कर लेगा

## मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को लताड़ा

**वॉशिंगटन।** मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जमकर लताड़ लगाई है। सैक्स ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि इससे अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा।

न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में जेफ्री सैक्स ने कहा कि ट्रम्प का टैरिफ लगाने का फैसला साफ तौर पर उनकी ब्रिक्स संगठन के सदस्य देशों के प्रति दुश्मनी को दिखाता है। जेफ्री ने कहा इतना ज्यादा टैरिफ लगाने का कोई मतलब नहीं। ये सही नहीं है। इससे कुछ नहीं होगा। भारत पर टैरिफ लगाना हर लिहाज से बेवकूफी है। अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने बताया

**यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है, ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी**



कि राष्ट्रपति ट्रम्प भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा अमेरिका ने लंबे समय तक इस दुनिया पर अपना प्रभुत्व बनाकर रखा और उन्हें अब भी लगता है कि वे दुनिया पर अपनी मनमानी चला सकते हैं। सैक्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ न सिर्फ अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था के लिए को नुकसान पहुंचाएगा। सैक्स ने कहा टैरिफ में सबकुछ गलत है। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था का भी उल्लंघन है। यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है। ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी। अर्थशास्त्री ने भारत को अमेरिका के प्रति सतर्क रुख करने की भी सलाह दी और कहा कि रक्षा और व्यापार के लिए अमेरिका पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजनेताओं को भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

कृपया इसे समझें। चीन के खिलाफ क्वाड में अमेरिका का साथ देकर भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा नहीं मिलेगी। भारत खुद एक महाशक्ति है जिसकी दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र जगह है। सैक्स ने आश्चर्यजनक रूप से चीन, रूस और ब्राजील को भारत के सच्चे साझेदार देश बताया। सैक्स ने कहा कि भले ही भारत, अमेरिकी आपूर्ति में विविधता लाने में मदद करे, फिर भी उसे वाशिंगटन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंधों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

# टलेगी भारत-अमेरिका बिजनेस डील!

## छठे दौर की बातचीत के लिए ट्रम्प की टीम को भारत आना था, डेयरी प्रोडक्ट्स पर है विवाद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इन्कार कर चुका है।

भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितम्बर-अक्टूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रम्प और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद



**अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा, भारत कर चुका है इन्कार**

भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डालर से बढ़ाकर 500 अरब डालर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डालर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डालर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डालर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच शुक्रवार देर रात को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच यूक्रेन मुद्दे पर अलास्का में बैठक हुई। इस बैठक से उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से भारत पर अतिरिक्त शुल्क में राहत मिल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर मुझे प्रतिबंध लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से लगभग 40 प्रतिशत तेल खरीदता है, भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस से अपना बड़ा ग्राहक खो दिया है।

### ट्रम्प 22 अगस्त तक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के पक्ष में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रम्प से मिलेंगे। एक्सियोस के अनुसार, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने शनिवार को कहा कि ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सोमवार की बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। अभी तक, रूसी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से त्रिपक्षीय बैठक के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वाशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वाशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वाशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट



**तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले थे: राजधानी में हालात काबू से बाहर**

हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपालिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।

# रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवाश किया जा रहा है।

वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां

**दावा: बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा**

इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अब तक 50 लाख से ज्यादा बच्चों को विस्थापित होना पड़ा है। पूर्वी यूक्रेन में रह रहे 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी बच्चों की बड़ी आबादी ऐसे मानसिक तनाव से जूझ रही है, जिससे शायद वे कभी उबर नहीं पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वार क्राइम करार दे चुका है।

वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'वार क्रिमिनल' घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है।

### सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत, 13 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक विस्थापन शिविर को जानबूझकर तोपखाने से निशाना बनाकर जघन्य अपराध किया है। बयान में चेतावनी दी गई कि अल फशर की जारी घेराबंदी के कारण दवा, चिकित्सा कर्मचारियों एवं भोजन की भारी कमी हो गई है जिससे हजारों विस्थापित महिलाओं एवं बच्चों को धीमी मौत का सामना करना पड़ रहा है। अबू शौक आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि शनिवार को शिविर के उत्तरी हिस्से में भारी गोलाबारी हुई जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# पाक में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू

## 327 लोग गंवा चुके हैं जान

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। कम से कम 137 लोग घायल हो गए। बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और



**मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी सेना भी चला रही अभियान**

वाहन बह गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूरदराज के गांवों में कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। साथ ही कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग दो हजार कर्मियों के साथ बचाव कार्य जारी है, लेकिन पुलों और संपर्क मार्गों सहित प्रमुख सड़कों के नष्ट होने से राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दो सप्ताह तक और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहने की उम्मीद है।

खैबर पख्तूनख्वा में काम कर रही बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन और सड़कें बहने से बचाव कार्यों जैसे मशीनरी और एंबुलेंस के परिवहन में परेशानी आ रही है। कुछ इलाकों में मजदूरों को आपदा स्थलों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वे बचे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने रिश्तेदारों या प्रियजनों की मलबे में फंसकर हुई मौत के कारण वहां से निकल पा रहे हैं।

# ईरान-रूस बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**तेहरान।** ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद-रज़ा आरेफ़ और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के सम्मेलन से इतर एक बैठक में, दोनों देशों ने साझा हित के क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

आरेफ़ ने क्षेत्रीय मुद्दों से निपटने में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रूस से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, परिवहन और पारगमन गलियारों को लेकर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां साझा करनी चाहिए और विदेशी हस्तक्षेप के बिना बहुपक्षवाद की रणनीति अपनाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में अरेफ़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा बातचीत के माध्यम से अपनी परमाणु गतिविधियों के लिए विश्वास बनाने की कोशिश की है लेकिन कुछ पश्चिमी देश इसे एक राजनीतिक मुद्दे में बदल रहे हैं। रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की सराहना करते हुए आपसी निरंतर एवं रचनात्मक राजनयिक संपर्कों पर प्रकाश डाला और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

**रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की**

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108